दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 24 मार्च-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 92 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










# पामवेद फाउंडेशन और दैनिक करंट क्राइम के तत्वावधान में हुआ 'परिवार बचाओ अभियान' का शुभारंभ

## संपादक मनोज गुप्ता और प्रख्यात भविष्यकर्ता डॉ लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने दिया परिवार बचाने का सूत्र





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रविवार को पामवेद फाउंडेशन एवं दैनिक करंट क्राइम के तत्वावधान में आयोजित परिवार बचाओ अभियान का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में एनसीआर के 21 परिवारों ने मिलकर परिवार के महत्व एवं उसमें आने वाली चुनौतियों पर गहन विचार विमर्श किया और एकमत से तय किया कि परिवार के बुजुर्गो का सम्मान करें। पर्यावरण की रक्षा करें संस्कारों का और मूल्य आधारित जीवन शैली बनाएं तथा स्वास्थ्य का सब लोग विशेष ध्यान रखे। प्रत्येक घर में श्री रामचरितमानस की 10 दोहे जरुर पढ़े जाएं ताकि हमें अपनी संस्कृति एवं सभ्यता का ज्ञान बने रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रख्यात भविष्यवक्ता डॉ. लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी ने कहा कि परिवार राष्ट्र का आधार है और परिवार का आधार संस्कार है अतः विज्ञान तकनीक एवं सोशल मीडिया के युग में भी हम परिवार का साथ न छोड़े क्योंकि आने वाले समय में जिस तरह की चुनौतियां दिख रही हैं उनका सामना वही कर सकेंगे जो अपने परिवार से मजबूती से जुड़े रहेंगे उन्होंने कहा कि बाजार की अंधी दौड़ में शामिल होने से पहले हम उसके परिणामों पर विचार करें। बुजुर्ग हमारे लिए बोझ नहीं बल्कि संपदा है उन्हें सुनने का धैर्य दिखाना चाहिए उन्होंने कहा की हथेली में जीवन रेखा, शीर्ष रेखा और हृदय रेखा के दोष शाकाहार, सदाचार एवं परोपकार की प्रवृत्ति अपनाकर पूरी तरह से ठीक किए जा सकते हैं।

अभियान में उपस्थित परिवारों को सम्बोधित करते हुए दैनिक करंट क्राइम के प्रधान संपादक मनोज गुप्ता ने कहा कि आज बच्चे इतने व्यस्त हैं कि उन्हें अपने लिए सोचने का समय नहीं है हमें बच्चों के मित्र बनकर उन्हें समझना होगा और सुसंस्कृत करना होगा तथा प्राचीन संस्कृति एवं आधुनिक विचारों में तालमेल बना रहे। पामवेद ने पिछले 25 वर्षों से हम सब परिवारों को जिस तरह से जोड़ कर रखा है उसकी सराहना होनी चाहिए।

कार्यक्रम के संयोजक एवं स्पेक्टेक के चेयरमैन रतन कुमार ने कहा कि हमें अपने परिवारों को सोशल मीडिया और अनावश्यक आधुनिकीकरण से बचाने की आवश्यकता है। नई पीढ़ी को अपने प्राचीन सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित कराने की आवश्यकता है ताकि वह हमारी जड़ों से जुड़ सकें। परिवार बचाओ अभियान से, देश के हर परिवार जोड़ना आज की जरूरत है। इस अवसर पर संजय कुमार पांडे, नरेश अग्रवाल, डॉ.पूनम सिंह, मुग्ध कुमार, फतेह बहादुर सिंह सहित अनेक लोगों ने अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का सफल संचालन अनिरुद्ध सिंह ने किया।

# केशव प्रसाद मौर्य बोले- लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर का फटा कुर्ता देखकर दुखी हूं

## दादरी पहुंचे यूपी के डिप्टी सीएम बोले पुलिसकर्मियों पर हो कार्रवाई

**प्रदेश में राम भक्त, कृष्ण भक्त, शिव भक्त और राष्ट्र भक्तों पर फूल बरसाए जाते हैं। लाठियां और धक्का मुक्की नहीं।**
**केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम**



**नोएडा :** गौतमबुद्ध नगर जिले के दादरी के बंबावड़ गांव स्थित एक निजी स्कूल के कार्यक्रम में पहुंचे यूपी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर का फटा कुर्ता देखकर दुखी हूं। इस मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। मामले में जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नंद किशोर गुर्जर ने कुर्ता फाड़ने का आरोप लगाया था, जिसपर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश में राम भक्त, कृष्ण भक्त, शिव भक्त और राष्ट्र भक्तों पर फूल बरसाए जाते हैं। लाठियां और धक्का मुक्की नहीं। उन्होंने कहा कि लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर का फटा कुर्ता देखकर दुखी हूं। दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

गाजियाबाद के लोनी से बीजेपी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने गुरुवार को कलश यात्रा निकाली थी। राम कलश यात्रा में महिलाएं भी शामिल हुई थीं। पुलिस ने इस कलश यात्रा को रोकने का प्रयास किया। जिसके कारण हालात बिगड़ गए। लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पुलिस ने धक्का-मुक्की की और कुर्ता फाड़ दिया गया। वहीं, इस मामले में पुलिस का कहना है कि विधायक और उनके समर्थकों ने बिना अनुमति कलश यात्रा निकालने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस बयान आने के बाद विधायक नंद किशोर गुर्जर ने दावा किया कि अनुमति के लिए लोनी एसडीएम को आवेदन किया था।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने एमएलए लोनी नंदकिशोर गुर्जर को जारी किया कारण बताओ नोटिस



करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने लोनी से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कारण बताओ नोटिस में नंदकिशोर गुर्जर से स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है कि पिछले कुछ समय से उनके द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर सरकार की आलोचना की जा रही है और उनके वक्तव्यों और कृत्यों से पार्टी की प्रतिष्ठा को आघात पहुंच रहा है, जो कि अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। बता दें कि उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने गाजियाबाद में लोनी क्षेत्र से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस मामले में भाजपा प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने बताया कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कारण बताओ नोटिस में नंदकिशोर गुर्जर से स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है कि पिछले कुछ समय से उनके द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर सरकार की आलोचना की जा रही है और उनके वक्तव्यों और कृत्यों से पार्टी की प्रतिष्ठा को आघात पहुंच रहा है, जो कि अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

### बिहार दिवस कार्यक्रम में भी विधायक नंदकिशोर ने उठाई आवाज

## कहा, भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ जारी रहेगी लड़ाई

करंट क्राइम : रविवार को इंदिरापुरम में एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत बिहार दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। फार्म हाउस में आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के सांसद, विधायक ,बिहार के विधायक और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। जब मंच पर बोलने का नंबर आया तो लोनी से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर इस दौरान भी फटे हुए कुर्ते में मंच पर दिखाई दिए। उन्होंने मंच संभाला तो बताया कि बीते दिनों उनके साथ जो घटना घटी है, वह उसको लेकर भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। लोनी से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कहा है कि वह 28 तारीख के बाद लखनऊ जाएंगे और फिर सभी भाजपा शीर्ष नेताओं और अधिकारियों को इस पूरे घटनाक्रम से अवगत कराएंगे। इसके साथ ही विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर आजकल जहां भी कार्यक्रम में जा रहे हैं, मीडिया उनसे लोनी की घटना पर सवाल पूछ रही है। तो वह भी खुलकर जवाब दे रहे हैं।

# 25 हजार के ईनामी बदमाश जावेद को क्राइम ब्रांच टीम ने किया गिरफ्तार

## अवैध असलहों की तस्करी का है मास्टर माइंड




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम ने सिटी जोन के मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र इलाके से 25000 के ईनामी बदमाश जावेद को गिरफ्तार किया है। बता दें कि जावेद अपने साथियों के साथ मिलकर अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री संचालित करता था। साथ ही इससे पैसा कमा कर अपराध किया करता था। उसके विरुद्ध मधुबन बापूधाम थाना में उत्तर प्रदेश गृह बंद समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत मुकदमा दर्ज था, जिसमें वह फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच स्वॉट की टीम ने आरोपी जावेद को गिरफ्तार किया है। इसके विरुद्ध गाजियाबाद में दो मुकदमे पंजीकृत हैं। जिसमें गैंगस्टर का भी मामला दर्ज था, यह लंबे समय से वंचित चल रहा था।

### हथियारों की तस्करी का मास्टरमाइंड है जावेद, लंबे समय से चल रहा था फरार

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में स्वॉट टीम क्राइम ब्रांच के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने बताया है कि जावेद लंबे समय से अवैध हथियारों की तस्करी और उनकी बनाने की फैक्ट्री को संचालित करने में मास्टर माइंड रहा है। इसके पूर्व में कई साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेजा है। तो वहीं यह लंबे समय से फरार चल रहा था। इसपर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 25000 का ईनाम भी घोषित था, जिसे क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### दो साल पहले पकड़े गए थे तीन साथी

करंट क्राइम : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जावेद के पूर्व साथी शाह फरहत, सादिक और शिवम को पुलिस ने 25 जुलाई 2023 में गिरफ्तार किया था। उसके बाद पुलिस इसकी तलाश में थी लेकिन यह लगातार ठिकाने बदल रहा था। लंबे समय बाद क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम को जावेद मिला, जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

### रमजान और नवरात्र को लेकर सीएम योगी के सख्त निर्देश

# कहा, नहीं बिगड़नी चाहिए कानून व्यवस्था की स्थिति, सख्ती से हो पालन





**लखनऊ।** लखनऊ में महिला की रेप के बाद हत्या को लेकर योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के सभी ऑटो और ई-रिक्शा ड्राइवरों का वैरिफिकेशन कराया जाएगा। जिन ड्राइवर पर मुकदमे दर्ज हैं या अपराधी प्रवृत्ति के हैं, उन पर पुलिस कार्रवाई करेगी। रविवार शाम लॉ एंड ऑर्डर की मीटिंग में सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा, लखनऊ में आलमबाग में बस स्टैंड से महिला को अगवा कर हत्या किए जाने की घटना रोकी जा सकती थी। लेकिन पुलिस अलर्ट नहीं थी। न ही पहले की तरह ऑटो और ई-रिक्शा ड्राइवरों पर नजर रखी गई।

सीएम योगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े 75 जिलों के रढ-उद्ट को चेतावनी दी। कहा, लखनऊ जैसी घटना दोबारा किसी भी सूरत में किसी भी जिले में नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी ने गो तस्करी की घटनाओं पर भी नाराजगी जाहिर की। पूछा, गो तस्करी की घटनाएं क्यों नहीं रुक पा रही हैं। कहा, जब गो तस्करी की गाड़ियां चंदौली में पकड़ी जा सकती हैं तो बाकी जिलों में क्यों नहीं पकड़ी जा पा रही हैं? रमजान का महीना चल रहा है। आने वाले दिनों में अलविदा जुमा, ईद और राम नवमी है। ऐसे में विशेष सतर्कता बरती जाए। जिला प्रशासन के अफसरों से कहा, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। श्रद्धालु किसी भी धर्म का हो, उसे कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। अगले सप्ताह से नवरात्रि शुरू हो रहे हैं। मंदिरों की विशेष साफ सफाई और आसपास के इलाकों में साफ सफाई कराई जाए। केंद्र सरकार के दस साल और प्रदेश सरकार के आठ साल पूरे होने पर 25, 26 और 27 मार्च को तीन दिन का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाए। इसमें सरकार की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाएं।

दुबग्गा के रहने वाले अजय द्विवेदी ने 18 मार्च की रात महिला से लूट-रेप के बाद उसकी हत्या कर दी थी। महिला बनारस से इंटरव्यू देकर लखनऊ के चिनहट में भाई के पास आ रही थी। वह रात 1.30 बजे आलमबाग बस स्टैंड पर उतरी। वहां से चिनहट जाने के लिए ऑटो लिया।

आरोपी ने कम किराया बताकर उसे बैठा लिया। मेट्रो का काम होने की बात कहकर दूसरे रूट से जाने की बात में उसे उलझा लिया।

# समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता उद्योग रत्न अवॉर्ड से नवाजे गए

## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने उद्योग रत्न अवॉर्ड का स्मृति चिह्न भेंट कर किया सम्मानित











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लखनऊ के अटल बिहारी बाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में रविवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के शपथ ग्रहण समारोह एवं व्यापारी महाकुम्भ में देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता को उद्योग रत्न अवॉर्ड का स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सम्मानित किया। रविवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एवं व्यापारी महाकुम्भ का आयोजन किया गया था। जिसमें संजीव कुमार गुप्ता ने उद्योग मंच के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में शपथग्रहण कर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के अध्यक्ष सुनील सिंघी एवं उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री और गाजियाबाद जनपद के प्रभारी असीम अरूण सहित अनेकों जनप्रतिनिधि एवं व्यापार मण्डल की समस्त महानगर इकाई एवं हजारों की संख्या में व्यापारी नेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे व्यापार मण्डल के लिए यह बहुत गौरव की बात है कि हमारे एक पदाधिकारी संजीव कुमार गुप्ता की फर्म समरकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड को कुछ समय पहले राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है जिससे हमारे व्यापार मण्डल का गौरव भी बढ़ा है।

इसी के फलस्वरूप आज के इस व्यापारी महाकुम्भ के मंच पर हम अपने मुख्य अतिथि के करकमलों से संजीव कुमार गुप्ता को उद्योग रत्न अवॉर्ड से सम्मानित कर रहे हैं। अवॉर्ड प्राप्ति के पश्चात संजीव कुमार गुप्ता ने पूर्व राष्ट्रपति सहित सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज का यह दिन मेरे लिए ऐतिहासिक और गौरवान्वित करने वाला है। उन्होंने व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष का धन्यवाद करते हुए कहा कि हम सभी मुकुन्द मिश्रा के सानिध्य में अपने संगठन को और अधिक मजबूती की ओर ले जाते हुए। व्यापार और उद्योग जगत के हितों के लिए सदैव कार्य करते रहेंगे।

# सौरभ हत्याकांड में नया मोड़ : खूनी मुस्कान के साहिल के अलावा कई लड़कों से थे संबंध! ननद ने किया बहुत बड़ा खुलासा

**मेरठ।** यूपी के मेरठ में हुए सौरभ हत्याकांड में नया मोड़ आ गया है। सौरभ की बहन ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। सौरभ की बहन सिमरन के मुताबिक, मुस्कान नशा करती है। सौरभ के लंदन जाने के बाद वह कई लड़कों को घर बुलाती थी। फिल्म में काम करने की बात कहकर वह घर से गााजियाबाद भाग गई थी। वह नोएडा में किसी लड़के के साथ पांच दिन तक रही थी। सौरभ की हत्या में मुस्कान का परिवार भी शामिल रहा। उनकी नजर सौरभ की प्रॉपर्टी थी। उसके पैसे से मुस्कान के परिजनों ने अपना घर बनाया और नई गाड़ी खरीदी। मुस्कान की बहन ने आईफोन खरीदा।

**शिमला के लिए निकली टीम सहारनपुर से लौटी, डीआईजी से नहीं मिली अनुमति :** सौरभ की हत्या करने के बाद साहिल और मुस्कान शिमला, मनाली और कसोल गए थे। कैब चालक अजब सिंह की गाड़ी से पूरा दूर कर आए थे। पुलिस ने कैब चालक अजब सिंह को अपने पास बुलाया और साक्ष्य जुटाने के लिए शिमला और मनाली के लिए शनिवार को टीम रवाना की गई। जैसे ही सहारनपुर में पहुंचे तो रास्ते से टीम को वापस बुला लिया गया। दरअसल डीआईजी से अनुमति नहीं मिली थी। बिना अनुमति के टीम रवाना हो गई थी।

**सौरभ, मुस्कान और साहिल के रोज नए-नए वीडियो हो रहे वायरल, जांच जारी :** मेरठ के सौरभ की हत्या के बाद सोशल मीडिया पर रोज नए-नए वीडियो क्लिप वायरल हो रहे हैं। पिछले तीन दिन से कौन सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहा है। इसकी भी जांच जारी है। आईटी विशेषज्ञों से जांच कराई जा रही है। सौरभ राजूपत की हत्या के बाद मुस्कान-साहिल के रिश्ते को लेकर हर रोज नई-नई बातें सामने आ रही है।

किसी वीडियो में दोनों होली खेलते दिख रहे हैं तो किसी में नशे की हालत में झूमते हुए दिखाई दे रहे हैं।

एक वीडियो में मुस्कान अपने पति और बेटी के साथ जन्मदिन पर डांस करती हुई दिखाई दे रही है। एक व्हाट्सएप चैट भी सामने आई है। ये भी देखा जा रहा है कि जारी की जा रही वीडियो क्लिप के पीछे किसी की साजिश तो नहीं है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि आईटी एक्सपर्ट्स की एक टीम इसका पता लगाने के लिए लगाई गई है। सबसे पहली वीडियो किसने और कहां से वायरल की हैं।

**शादी के लिए तीन बार भागे थे सौरभ और मुस्कान :** सौरभ और मुस्कान शादी करने के लिए घर से तीन बार भागे थे। मां रेनू के मुताबिक, सौरभ बचपन से चंचल स्वभाव होने के साथ पढ़ाई में होशियार था। सबसे छोटा होने के कारण सबका लाडला भी था। मुस्कान के नाना ज्योतिषी थे, वह अक्सर उनके घर जाती थी। इसी दौरान सौरभ और मुस्कान की मुलाकात और दोस्ती हो गई। तब 13 साल के रहे सौरभ को पहली नजर में मुस्कान भा गई। पांच साल तक एक-दूसरे के प्यार में रहने के बाद दोनों ने शादी करने का फैसला लिया।

नाबालिग होने की वजह से इजाजत नहीं मिली। सौरभ पढ़ाई में लग गया। मर्चेंट नेवी का कोर्स किया। इसी दौरान शिप कंपनी में नौकरी लग गई। मां ने बताया सौरभ 2016 में घर आया हुआ था।

इसी दौरान सौरभ और मुस्कान घर छोड़कर चले गए। तब शिकायत पर पुलिस दोनों को तलाश कर लाई थी। परिवार के समझाने पर भी दोनों नहीं माने। तीन महीने बाद फिर लापता हो गए। इस बार तीन दिन बाद वापस आ गए। सौरभ मुस्कान को छोड़ना नहीं चाहता था।

2016 में बालिग होने पर दोनों फिर से घर से चले गए, इस बार शादी करके लौटे। परिवार ने सौरभ की खुशी के लिए अपना लिया। छह महीने ससुराल में रहने के बाद मुस्कान परिवार में झगड़ा करती थी। परिवार को जेल भिजवाने की धमकी देकर डराने धमकाने लगी। इस पर पिता ने घर से बेदखल कर दिया। सौरभ किराए पर मकान लेकर रहने लगा। सौरभ 2023 से नौकरी की वजह से विदेश में था। इस दौरान स्कूल के दोस्त रहे साहिल शुक्ला से मुस्कान की नजदीकी बढ़ गई थी।





### हर माह 50 हजार रुपये भेजता था सौरभ, मुस्कान की सारी डिमांड पूरी करता था

बड़े भाई राहुल के मुताबिक सौरभ मुस्कान को हर महीने 50 हजार रुपये भेजता था। सारी डिमांड पूरी करता था। मुस्कान का किसी लड़के से प्रेम प्रसंग है, इसका पता चलने पर सौरभ ने बड़े भाई को बताया था। तब भाई ने मुस्कान को छोड़कर घर लौटने की सलाह दी थी। सौरभ ने तलाक की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन मुस्कान तलाक नहीं देना चाहती थी। सौरभ भी मुस्कान से बहुत प्यार करता था, इसलिए उसने तलाक लेने का इरादा छोड़ दिया। 2023 में उसने मर्चेंट नेवी की अपनी जॉब छोड़ दी, लेकिन परिवार को इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताया। इसके बाद वह लंदन की बेकरी में नौकरी करने लगा। सौरभ को उन्होंने चार मार्च के बाद कई मेसेज किए, उसका जवाब मुस्कान देती रही। मोबाइल पर स्टेटस लगाकर परिवार को गुमराह करती रही।

### आज रिमांड अर्जी डालेगी ब्रह्मपुरी पुलिस

आरोपियों से अभी कई साक्ष्य जुटाने बाकी है। इसके लिए ब्रह्मपुरी पुलिस की तरफ से रिमांड अर्जी सोमवार को डाली जाएगी। रिमांड पर लेकर आरोपियों से पुलिस पूछताछ करेगी और साक्ष्य जुटाए जाएंगे ताकि मजबूत चार्जशीट लगाकर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जा सके। इनको कोर्ट से कोई राहत नहीं मिले। पुलिस क्राइम सीन भी रिक्रिएट करेगी।

# संभल हिंसा का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## संभल पुलिस का एक्शन : जामा मस्जिद कमेटी के सदर गिरफ्तार, एसआईटी जांच के बाद उठाया कदम

**संभल।** संभल जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सदर पर आरोप है कि 24 नवंबर को हुए बवाल में उनकी भूमिका थी। उन्होंने भड़काऊ बयान दिया था। एसआईटी की जांच में तथ्य सामने आने पर गिरफ्तारी की गई है।

एएसपी श्रीशचंद का कहना है 24 नवंबर के बवाल में आरोपी बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर शहर में सुरक्षा बढ़ाई गई है। कई थानों की पुलिस के अलावा पीएसी और आरआरएफ को तैनात किया है। अधिकारी फ्लैगमार्च भी कर रहे हैं। जफर अली एडवोकेट के भाई ताहिर अली एडवोकेट ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों पर माहौल खराब करने के प्रयास का आरोप लगाया है। साथ ही यह भी कहा कि उनके भाई को न्यायिक जांच आयोग के सामने सोमवार को अपने बयान दर्ज कराने थे।



इसलिए पुलिस ने सुनियोजित तरीके से कार्रवाई की है। कहा कि उनके भाई ने आयोग को बताया था कि गोली पुलिस ने चलाई थी और इसी में पांच लोगों की जान गई थी। यही बयान दर्ज कराने के लिए वह जाते उससे पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है। कहा कि उनके भाई द्वारा जेल में रहकर भी यही बयान दर्ज कराया जाएगा। मालूम हो जफर अली एडवोकेट और पुलिस अधिकारियों के बीच पहले भी कई बार नोकझोंक हो चुकी है। जामा मस्जिद कमेटी सदर ने 24 नवंबर को हुए बवाल में पुलिस पर गोली चलाने का आरोप भी लगाया था।

**जामा मस्जिद में रंग-बिरंगी लाइट से सजावट :** जामा मस्जिद की पुताई का काम शनिवार को पूरा हो गया है। एएसआई की टीम ने भी पुताई पूरी होने के बाद निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट ने बताया कि पुताई का काम पूरा हो गया है। अब सजावट का काम किया जाना है।



बताया कि करीब 300 लाइट लगने की उम्मीद है। इसमें कई अलग-अलग रंग की लाइटें शामिल हैं। कमेटी के सदर ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश एएसआई द्वारा पुताई कराई गई है। शनिवार को पुताई का काम पूरा हो गया है। मस्जिद के सभी बाहरी हिस्से में यह पुताई की गई है।

अब सजावट की जानी है। मालूम हो जामा मस्जिद की पुताई सफेद रंग से एएसआई द्वारा कराई गई है। जामा मस्जिद कमेटी के सदर ने कहा कि हाईकोर्ट ने आदेश दिया था। इसलिए हमने अपनी ओर से कोई भी रंग करने के लिए नहीं कहा। एएसआई ने सफेद रंग से पुताई की है। इससे पर भी हमने कोई एतराज नहीं जताया।

# जेल में ड्रग्स और शराब के लिए तड़प रहे साहिल और मुस्कान

**मेरठ।** ब्रह्मपुरी में पति सौरभ की हत्या करने वाली मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला को जेल में तीन दिन से नींद नहीं आ रही है। वे रातभर करवटें बदलते रहते हैं। जेल में ड्रग्स व शराब न मिलने पर मुस्कान और साहिल की हालत बिगड़ गई है। बताया गया कि लंबे समय से दोनों नशा करते थे। हालत बिगड़ने पर जेल में ही डॉक्टरों ने इलाज किया और उनको दवाई भी दी। दोनों की लगातार निगरानी हो रही है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा ने बताया कि दोनों बंदियों को अस्पताल में डॉक्टरों को दिखाया। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ दवाएं दीं। बताया जा रहा है कि दोनों खाने-पीने में भी ना-नुकुर कर रहे हैं। पुलिस की पूछताछ में भी सामने आया था कि साहिल और मुस्कान नशा करते हैं। ड्रग्स, शराब और बीयर का रोजाना सेवन करना दोनों की आदत बन चुकी थी। नशा करने के बाद ही दोनों ने सौरभ के सीने में चाकू घोंपे थे और गर्दन भी अलग कर दी थी। साहिल के घर से बीयर की बोतलें भी बरामद की गई थीं। शिमला व कसोल ले जाने वाले कैब चालक ने भी दोनों के नशा करने की बात पुलिस को बताई थी। दोनों ने रास्ते में और होटल में शराब की बोतल मंगाई थी। बीयर भी पी थी। बताया गया कि बुधवार, बृहस्पतिवार और शुक्रवार को साहिल और मुस्कान को नींद नहीं आई।

दोनों रातभर अपनी-अपनी बैरक में करवटें बदलते रहे। यह बात बंदी रक्षकों और जेल स्टाफ ने जेल वरिष्ठ अधीक्षक को बताई तो उन्होंने दोनों हत्यारोपी से बातचीत की।



### ये बोले जेलर

साहिल और मुस्कान दोनों काफी समय से नशा कर रहे हैं। इस कारण अब नशा न मिलने के कारण बेचैनी की दिक्कत हो रही है और रात को नींद भी नहीं आ रही है। नशा नहीं मिलने से दोनों परेशान हैं। इनका जेल अस्पताल में डॉक्टरों से चेकअप कराया गया है। डॉक्टरों ने कुछ दवाएं दी हैं।

**– वीरेश राज शर्मा, वरिष्ठ जेल अधीक्षक, चौधरी चरण सिंह जिला कारागार**

## सहारनपुर हत्याकांड में आरोपी का कबूलनामा

# 'मैं तो राधा हूं श्याम की..', सुनते ही बौखलाया और मार दी पत्नी सहित तीन बच्चों को गोली

### कौन है श्याम, आरोपी की कहानी या फिर हकीकत

**सहारानपुर।** सहारनपुर के सांगाठेड़ा में पत्नी और तीन बच्चों को गोली मारने वाले आरोपी बाप योगेश ने पुलिस को जो बताया वह बेहद हैरान कर देने वाला है। बताया कि उसकी पत्नी नेहा भजन गा रही थी कि मैं तो हूं राधा श्याम की। इतना सुनते ही वह बौखला गया और सबसे पहले पत्नी और फिर बच्चों को गोली मारी। क्योंकि उसकी पत्नी का जिससे संपर्क था उसे श्याम कहकर बुलाती थी।

दरअसल, इस जघन्य वारदात के बाद पुलिस ने आरोपी योगेश को थाने लेकर जाकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने बताया कि वह सुबह से घर पर ही था। उसकी पत्नी नेहा सुबह से बार-बार भजन गा रही थी कि मैं तो हूं राधा श्याम की।



**बार-बार भजन गा रही थी नेहा :** आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी का जिस युवक से संपर्क है वह गांव का ही रहने वाला है। आरोपी को लगा कि यह भजन उसे सुनाकर श्याम के लिए गा रही है। कई बार पत्नी को रोका कि यह भजन न गाए, लेकिन नेहा बार-बार भजन गा रही थी। इसी भजन को लेकर दोपहर करीब दो बजे उनके बीच बहस हो गई थी।

इसी दौरान तैश में आकर आरोपी योगेश ने एक के बाद एक चारों को गोली मार दी। आरोपी के अंदर इतना गुस्सा था कि सभी के सिर में गोली मारी गई, जिससे बचने की कोई उम्मीद ही न रहे।

आरोपी ने पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद जो बातें बताई, पुलिस ने उस पर भी जांच शुरू कर दी है।

# 'मुझे मत मारो, बच्चों का ख्याल करो...', हाथ जोड़कर लगाई गुहार

### भाजपा नेता योगेश के सिर पर था खून सवार

**सहारनपुर।** सहारनपुर के सांगाठेड़ा में पत्नी और तीन बच्चों को गोली मारने के बाद आरोपी योगेश रोहिला ने एसएसपी को फोन किया। आरोपी ने फोन पर कहा कि मैंने पत्नी और बच्चों को गोली मार दी है, आकर उठा लो, नहीं तो मैं खुद को भी गोली मार दूंगा। इतना सुनते ही पुलिस अधिकारियों के भी हाथ-पैर फूल गए। सबसे पहले एसओ, उसके बाद सीओ और फिर एसएसपी भी मौके पर पहुंच गए।

पुलिस को डर था कि इतनी बड़ी वारदात करने के बाद जो आरोपी इस तरह फोन कर रहा है वह कुछ भी कर सकता है। पुलिस जब वहां पहुंची तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। योगेश की पत्नी नेहा और दोनों बेटे जमीन पर खून से लथपथ हालत में पड़े तड़प रहे थे, जबकि बेटी श्रद्धा की मौत हो चुकी थी। उनके पास ही आरोपी योगेश हाथ में पिस्टल लेकर बैठा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।



घर के बाहर परिजन भी मौजूद थे, लेकिन जब तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची तब तक कोई भी उनके पास नहीं जा सका। डर था कि यदि उन्होंने घायलों को उठाने का प्रयास किया तो कभी उन्हें भी गोली न मार दे। पुलिस जांच में आया है कि घर में ही योगेश की अपनी पत्नी नेहा से बहस हुई, जिसके बाद उसने लाइसेंसी पिस्टल उठाई।

# जब बच्चों के मामूली झगड़े ने लिया खूनी रूप : पथराव, मारपीट, चाकूबाजी और मौत...

### दिल्ली के वजीरपुर में कैसे शुरू हुआ बवाल

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के वजीरपुर की जेजे कॉलोनी में हुए खूनी संघर्ष में सीने में चाकू लगने से राधे श्याम की मौत हो गई। मुन्नी देवी का आरोप है कि गौतम का चाकू लगने से ही उसके पिता राधे श्याम की मौत हुई। गौतम जमाल को चाकू मारने आ रहा था। राधे श्याम ने उसे रोकने का प्रयास किया, तो उसका चाकू पिता के सीने में घुस गया। वहीं राधे श्याम की पत्नी कमला का आरोप है कि उसके पति की हत्या इरशाद ने की है। पुलिस दोनों परिवारों के आरोप की पड़ताल कर रही है। फिलहाल गौतम को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



**झगड़े को सांप्रदायिक करने का आरोप :** कमला ने आरोप लगाया कि जमाल और उसका परिवार उनको पसंद नहीं करते हैं। वह पिछले कई साल से इलाका छोड़कर कहीं और शिफ्ट होने का दबाव बना रहे हैं। इन लोगों ने सांप्रदायिकता की वजह से उनके परिवार को निशाना बनाया है। उसके पति को भी इसीलिए मारा गया है।

# यूपीकॉन-2025 : एक से अधिक लोगों से यौन संबंध से सर्वाइकल कैंसर का खतरा...






**आगरा।** महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। इसमें पर्सनल हाइजीन, संक्रमण, देर से शादी, कई बच्चे भी वजह हैं। बीते कुछ सालों में छोटी उम्र में यौन संबंध और एक से अधिक से संबंध बनाने से भी यह बीमारी हो रही है। फतेहाबाद रोड स्थित होटल में आगरा ऑब्स एंड गायनी सोसाइटी की यूपीकॉन-2025 के दूसरे दिन विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जताई।

फोग्सी की अध्यक्ष डॉ. सुनीता तेंदुलवाडकर ने कहा कि महिलाओं में सबसे ज्यादा होने वाली बीमारियों में सर्वाइकल कैंसर है। पिछले 10 साल में 25 से 30 साल की महिलाएं पीड़ित हो रही हैं। इनमें दो-तीन फीसदी ने 13-14 की उम्र में ही यौन संबंध बना लिए। कई ऐसी भी युवतियां व महिलाएं रहीं, जिनके एक से अधिक यौन साथी रहे। इनमें एचआईवी, सिफलिस समेत अन्य यौन बीमारियां भी मिलीं।

उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर के अधिकांश मरीज तीसरी-अंतिम स्टेज में ही दिखाने आते हैं। बिना झिझक तत्काल इलाज कराने से बीमारी से बचा जा सकता है। जागरूकता के लिए वाराणसी में फ्री सर्वाइकल कैंसर अभियान शुरू किया है। बचाव के लिए 9 से 14 साल तक की उम्र में एंटी सर्वाइकल वैक्सीन जरूर लगवाएं।

### उच्च शिक्षित में अधिक बांझपन : डॉ. नीलम ओहरी

वाराणसी की डॉ. नीलम ओहरी ने बताया कि उच्च शिक्षित महिलाओं में बांझपन सामान्य के मुकाबले तीन गुना तक है। कॅरियर बनाने में उम्र अधिक हो जा रही है। औसतन 35-38 में शादी हो रही है। इसमें भी एक-दो साल तक संतान नहीं प्राप्त करते। ऐसे में मेट्रो शहरों में युवतियां 22-25 की उम्र में अंडाणु लैब में सुरक्षित रखवा रही हैं। भविष्य में संतान पैदा करने में दिक्कत आने पर इनका उपयोग किया जा रहा है। यही हाल पुरुषों में मिल रहा है। खराब फिटनेस, एल्कोहल-स्मोकिंग और देर तक जागने की लत से शुक्राणु कम बन रहे हैं और गुणवत्ता भी खराब है।

अध्यक्ष डॉ. सरोज सिंह और सचिव डॉ. रिचा सिंह ने महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने, सही उम्र में विवाह करने और खुद को फिट रखने पर जोर दिया। उद्घाटन के मौके पर एसएन मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता, डॉ. ऊषा शर्मा, डॉ. कीर्ति दुबे, डॉ. भारती माहेश्वरी, डॉ. नरेंद्र मल्होत्रा, डॉ. जयदीप मल्होत्रा, डॉ. शिखा सिंह, डॉ. निधि गुप्ता, डॉ. मोहिता पेंगोरिया, डॉ. पूनम यादव, डॉ. अनु पाठक, डॉ. रुचिका अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

**कैटवॉक कर डॉक्टरों ने दिखाया जलवा :** यूपीकॉन-2025 में शनिवार को रंगारंग कार्यक्रम भी हुए। महिला चिकित्सकों ने कैटवॉक कर धमाल मचाया। गीतों पर नृत्य कर समा बांध दिया। समापन पर सभी को पुरस्कृत किया गया।

**मोटापा-बीपी से गर्भवती को खतरा :** फोग्सी की पूर्व उपाध्यक्ष गोरखपुर की डॉ. साधना गुप्ता ने बताया कि मोटापा-बीपी से गर्भवती महिलाओं में बांझपन का खतरा बढ़ रहा है। कई बार प्रसव के वक्त भी किडनी फेल के मामले हुए हैं।

ऐसे में अगर किसी गर्भवती को बहुत अधिक उल्टियां आ रही हैं, गुर्दे में पथरी-संक्रमण है, उच्च रक्तचाप की दिक्कत है तो इलाज कराने के साथ प्रसव के बाद चिकित्सकीय निगरानी में रहना चाहिए।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। सोमवार 24 मार्च -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# साहिबाबाद विधानसभा से भाजपा ने फूंका बिहार चुनाव का बिगुल

## देश की सबसे बड़ी विधानसभा में मना 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के नारे के साथ बिहार दिवस







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा ने रविवार को एक तरह से बिहार चुनाव का बिगुल देश की सबसे बड़ी विधानसभा साहिबाबाद से फूंका। भाजपा ने रविवार को यहां बिहार दिवस मनाया। गौरतलब है कि साहिबाबाद विधानसभा में एक बड़ी संख्या में बिहार और पूर्वांचल के लोग निवास करते हैं। माना जा रहा है कि बिहार दिवस का मूल संदेश यहीं से दिया गया है। रविवार को उत्तरप्रदेश के साहिबाबाद विधानसभा के अंतर्गत अनंत रॉयल डायमंड फॉर्म हाउस कनावनी में सांसद, सभापति रक्षा संबंधी स्थाई समिति, पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार राधा मोहन सिंह ने बिहार दिवस के उपलक्ष्य में बिहार की गौरवशाली संस्कृति और विकास को समर्पित 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उपस्थित बिहारी भाई-बहनों एवं जनसमुदाय को संबोधित करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि बिहार की समृद्ध संस्कृति, सभ्यता और ज्ञान ने हमेशा देश को दिशा दिखाई है। हमारा सौभाग्य है कि हमने बिहार की पुण्य धरा पर जन्म लिया है और यह हम सभी के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि आज सम्पूर्ण देश बड़ी धूमधाम से बिहार की स्थापना के उत्सव को मना रहा है और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोग बिहार की सांस्कृतिक विविधता से परिचित हो रहे हैं।

### उत्तरप्रदेश का हृदय से आभार, गाजियाबाद की भूमि ने दी है बिहारियों को कर्मभूमि

करंट क्राइम। पूर्व केन्द्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा मैं उत्तरप्रदेश का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिसने प्रवासी बिहारी भाइयों और बहनों को अपने सपनों को साकार करने का अवसर और एक सशक्त मंच प्रदान किया। गाजियाबाद की भूमि ने उन्हें कर्मभूमि दी, तो बिहार ने उन्हें संस्कार, मेहनत और जज्बे की पहचान सौंपी। यह आपके खुले दिल और स्वीकार्यता का ही परिणाम है कि बिहारी प्रवासी अपनी प्रतिभा और परिश्रम से आपकी प्रगति में योगदान दे रहे हैं। आप जहाँ भी हैं, बिहार की मिट्टी से आपका नाता अटूट है। इस बिहार दिवस पर, हम आपको याद दिलाना चाहते हैं कि आप न केवल अपने प्रदेश के गौरवशाली अतीत का हिस्सा हैं. बल्कि उसके उज्ज्वल भविष्य के भी सृजनकर्ता हैं। बिहार की धरती ने दुनिया को नालंदा और विक्रमशिला जैसे ज्ञान के केंद्र दिए। यह वही बिहार है जहाँ चाणक्य की बुद्धिमत्ता और सम्राट अशोक की दूरदर्शिता ने भारत को दिशा दी। बोधगया में भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ और गुरु गोविंद सिंह जी की जन्मभूमि ने हमें एक नई ऊर्जा दी। इस बिहार दिवस पर, मैं आप सबसे दिल से एक बात कहना चाहता हूँ। आप बिहार से दूर हो सकते हैं, लेकिन बिहार आपसे कभी दूर नहीं हुआ। आपके सपनों में, आपकी बोली में, आपके संस्कारों में हर जगह बिहार जिंदा है।

### बिहार सिर्फ एक जगह नहीं, एक जज्बा है एक पहचान है

करंट क्राइम। राधा मोहन सिंह ने कहा जब आप अपने बच्चों को ₹लिट्टी-चोखा₹ या मखाना खीर का स्वाद चखाते हैं, जब छठ के समय सूर्य को अर्घ्य देने का समय आता है, जब अपने शहर-गाँव की गलियों की याद आती है। तब आपको महसूस होता है कि बिहार सिर्फ एक जगह नहीं, एक जज्बा है, एक पहचान है। यह भी सच है कि एक समय बिहार अराजकता, अपराध और पिछड़ेपन का शिकार हो गया था। राजद के कुशासन के दौर में बिहार में न गुड गवर्नेंस था. न ही कानून का राज। अपराध, अपहरण और जातीय हिंसा बिहार की पहचान बन चुकी थी। निवेशक बिहार का नाम सुनकर ही भाग जाते थे, और उद्योग-व्यापार ठप हो गया था। बिहार के गौरव की पुनर्स्थापना के संकल्प के साथ 2005 में सत्ता में आए एनडीए के कुशल नेतृत्व में बिहार बजट का आकार 13.27 गुना बढ़ चुका है। वित्त वर्ष 2004-05 में बिहार बजट का आकार 23,885 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2025-26 में 3,16,895 करोड़ रुपये हो चुका है। जबकि बिहार के विकास की राह में वित्तीय संसाधनों की सीमित उपलब्धता के साथ-साथ कई भौगोलिक चुनौतियां भी थीं। देश का सिर्फ 2.86 प्रतिशत भूभाग बिहार में है, जबकि यहां देश की 8.6 प्रतिशत आबादी रहती है।





### बिहार दिवस में हुई चुनाव आने पर बिहार जाकर वोट डालने की बात

करंट क्राइम। बिहार ने बहुत कुछ हासिल किया है, लेकिन यह सफर अभी अधूरा है। अगर आप चाहते हैं कि आपके गाँव की सड़कें और अच्छी हों, बच्चों को पढ़ाई और रोजगार के लिए बिहार से बाहर न जाना पड़े, बिहार की पहचान फिर से एक 'ज्ञान की भूमि' के रूप में हो तो आपको सिर्फ दिल से नहीं, अपने वोट से भी बिहार के विकास को आगे बढ़ाना होगा। जब चुनाव आए, तो बिहार आइए। वोट डालिए। आपका एक वोट सिर्फ एक सरकार चुनने का नहीं, बल्कि अपने बिहार का भविष्य तय करने का अवसर है। श्री सिंह ने कहा कि एनडीए सरकार आपको आमंत्रित करती है कि इस बार छठ महापर्व अपने घर, अपने बिहार में मनाएँ। आइये इस बार बिहार में सूर्य को अर्घ्य देने का सौभाग्य लें। अपने गाँव-मोहल्ले की मिट्टी को महसूस करें। अपने रिश्तों को और गहरा करें क्योंकि एनडीए सरकार ने है ठाना, बिहार से बाहर रहने वाले भाइयों एवं बहनों को बिहार है बुलाना।

### बिहार बजट एनडीए सरकार का विजन और प्रधानमंत्री के स्पेशल पैकेज की बात

करंट क्राइम। रविवार को साहिबाबाद की धरती से बिहार दिवस का ऐलान हुआ। बड़ी बात ये थी कि इस बिहार दिवस में बिहार के उस पैकेज का जिक्र हुआ जो वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देने की बात कही थी। बिहार के बजट में एनडीए सरकार के विजन को बताया गया और ये बताया कि एनडीए की सरकार ने बिहार को अंधकार से बाहर निकालकर विकास की राह पर आगे बढ़ाया है। इस सम्मेलन में कहा गया कि एनडीए की सरकार ने बिहार को इस अंधकार से बाहर निकालकर विकास की राह पर आगे बढ़ाया। बिहार का बजट एनडीए सरकार के विजन दिखा रहा है। एनडीए सरकार ने ग्यान पर ध्यान दिया है। आज बिहार में महिला सशक्त हो रही हैं। जो आजीविका पुरे भारत में चल रहा है उसकी शुरूआत जीविका के नाम से बिहार में ही हुआ था। आज एक करोड़ से अधिक महिला इससे जुड़ी हुई हैं। राज्य ने अब तक 9 लाख लोगों को सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं और 24 लाख रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। एनडीए सरकार इस साल के अंत तक 12 लाख सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराएगी और युवाओं के लिए 34 लाख रोजगार के अवसर सृजित करेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में 1,25,000 करोड़ रुपए विशेष पैकेज देने का घोषणा किया था एवं 2024 तक केंद्र सरकार ने बिहार को दोगुना से भी अधिक 3,00,000 करोड़ रुपए दिए गए हैं। आप दुनिया के किसी भी कोने में हों, बिहार आपके संस्कारों और पहचान का अभिन्न हिस्सा है। यह आपकी जन्मभूमि है, और इसके विकास में आपकी भूमिका भी अहम है। हम आपसे आग्रह करते हैं कि बिहार के गौरव को बनाए रखें, यहाँ के विकास में सहयोग दें और 'नए बिहार' के निर्माण में भागीदार बनें। यह समय है कि हम सब एकजुट होकर बिहार को आगे बढ़ाएँ। एनडीए सरकार ने बिहार को अपराध और भ्रष्टाचार से मुक्त कर विकास के रास्ते पर लाने का काम किया है। हमें इसे और मजबूत करना है, ताकि बिहार देश का सबसे समृद्ध राज्य बन सके।

## कविनगर में हुई भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक

### मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया सभी अतिथियों का स्वागत

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शास्त्री नगर स्थित एक बैंक्वेट हॉल में भाजपा संगठन की कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला एवं महानगर संगठन के पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी, पार्षद, पूर्व पार्षद, मंडल, वार्ड, और बूथ स्तर तक कार्य कर रहे बिहार प्रवासी कार्यकताओं को आमंत्रित किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह, बिहार प्रदेश प्रवक्ता एवं नालंदा के पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल, सांसद अतुल गर्ग, क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, महापौर सुनीता दयाल, विधायक संजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, तथा विधायक अजीत पाल त्यागी उपस्थित रहे।

मुरादनगर विधानसभा के विधायक अजीत पाल त्यागी ने सभी अतिथियों का प्रतीक चिन्ह एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। बैठक में कविनगर मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर की टीम के द्वारा बैठक में पधारे अतिथिगण एवं प्रवासी कार्यकताओं का चंदन तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता राधा मोहन सिंह ने कहा, ₹हम अगर बिहार, पूर्वांचल, उत्तरांचल की बात करते हैं तो बीजेपी को बिहार-पूर्वांचल नहीं बनाते, बल्कि हम बिहार-पूर्वांचल को बीजेपी बनाते हैं।₹ हमारा मकसद एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान करना है। बैठक में संगठन की मजबूती और प्रवासी कार्यकताओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई, जिससे आगामी चुनावों में पार्टी की पकड़ और सशक्त हो सके।

इस दौरान जिला महामंत्री जितेंद्र चितौड़ा, अभियान के महानगर सह संयोजक रनिता सिंह, प्रीति चंद्रा, बैठक संयोजक पार्षद अमित त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, पूर्व महानगर उपाध्यक्ष डीएन सिंह, पार्षद संजय सिंह, पार्षद पूनम सिंह, पार्षद अर्चना सिंह, अमित रंजन, ज्ञानेंद्र सिंघल, नीरज त्यागी, आशीष चौधरी, संदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।









# सीकरी महामाया देवी मेला 30 मार्च से होगा शुरू

## 100 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, लॉटरी सिस्टम से मिलेंगी दुकानें





### करीब 20 लाख की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मोदीनगर के ऐतिहासिक सीकरी महामाया देवी मंदिर पर लगने वाले पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े वार्षिक चैत्र नवरात्रि मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस वर्ष मेले में करीब 20 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

मेला अध्यक्ष और उपजिलाधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 100 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। चार निगरानी पोस्ट स्थापित की जाएंगी। ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जाएगी।

नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली ने बताया कि इस बार ठेकेदारी प्रथा समाप्त कर दी गई है। केवल 15 दिनों के लिए भवन के प्रसाद का ठेका दिया जाएगा। दुकानों का आवंटन लॉटरी सिस्टम से किया जाएगा। मंदिर परिसर में प्रसाद की बिक्री पर रोक रहेगी। मेले में दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान से भी श्रद्धालु आते हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए हापुड़ मार्ग से सीकरी खुर्द आने वाले रजवाहा मार्ग को मुख्य मार्ग बनाया जाएगा। चार पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे। स्थान की कमी के कारण इस वर्ष मेले में झूले नहीं लगेंगे। पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण मेला पूरी तरह नहीं लग पाया था। प्रशासन ने स्वच्छता और सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मंदिर का दौरा कर सुरक्षा रणनीति तैयार की है।

# साहिबाबाद के होटल में पुलिस का छापा, 12 लोग गिरफ्तार

### एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव के नेतृत्व में की गई कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लगातार अवैध रूप से देह व्यापार के अड्डों पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। नदिया पार के इलाके मे अब तक सबसे ज्यादा कार्रवाई होने के बाद हर महीने नए अड्डे बन रहे हैं। इसी कड़ी में साहिबाबाद पुलिस ने होटल क्लासिक रेजिडेंसी निकट शहीद नगर मेट्रो स्टेशन के निकट छापा मारकर कार्रवाई की है। पुलिस ने यहां अनैतिक कार्य करने वाली पांच महिलाओं का रेस्क्यू भी कराया है। तो वहीं इस मामले में पुलिस ने कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें मैनेजर सहित अन्य लोग और ग्राहक शामिल हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस की कार्रवाई में कई चौंकाने वाले खुलासे भी हुए हैं।



### 5 महिलाओं का कराया गया रेस्क्यू



### व्हाट्सएप पर भेजी जाती थी महिलाओं की फोटो और रेट लिस्ट

करंट क्राइम : एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया है कि होटल मैनेजर रामचंद्र यादव, राजू यादव, ब्रोकर संजय गुप्ता, अजय और विरासत से पूछताछ करने पर सामने आया है कि होटल क्लासिकल एजेंसी जितेंद्र कुमार महेश्वरी गाजियाबाद का है। होटल मालिक जितेंद्र कमरों में पैसे लेकर देह व्यापार करवाता था। मैनेजर व ब्रोकर होटल मालिक के कहने पर ग्राहकों के लिए महिलाओं की व्यवस्था करते थे। वहीं मोबाइल व व्हाट्सएप के माध्यम से ग्राहकों को फोटो भेज कर होटल का पता और रेट तय किया जाता था। जिसका कमीशन होटल मालिक और ब्रोकर आपस में लेते थे। वहीं इस मामले में पुलिस का कहना है कि यहां प्रतिदिन 30 से 35 हजार रुपये में धंधा हो रहा था। जिसमें होटल मालिक और ब्रोकर को भी पैसे मिलते थे। वहीं पुलिस ने उनकी चैट भी जप्त कर ली है।

### इनको किया गया है गिरफ्तार

करंट क्राइम : पुलिस ने इस मामले में मैनेजर रामचंद्र यादव, राजू यादव के साथ ही ब्रोकर संजय गुप्ता, मैनेजर अजय, विरासत को गिरफ्तार किया है। साथ ही राहुल, अमन, तुषार, ताजुद्दीन, राजू पाल और टिंकू को पकड़ा गया है। यह सभी दिल्ली और बॉर्डर इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनसे 11 मोबाइल फोन, 3560 रुपए और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है।

### लंबे समय से पुलिस को मिल रही थी शिकायत

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस मामले में साहिबाबाद पुलिस और एसीपी को लंबे समय से शिकायत मिल रही थीं। एक दिन पुलिस की टीम यहां गई थी, तो भनक लगने पर महिलाओं को मौके से हटा दिया गया था। वहीं पुलिस ने सूचना के बाद यहां छापेमारी की कार्रवाई की है। जिसमें पांच महिलाओं का रेस्क्यू करने के साथ ही 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## संपादकीय

# भ्रामक युद्ध विराम

रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने यूक्रेन के ऊर्जा ठिकानों पर हमला 30 दिन के लिए टाल दिया है, जिसकी सराहना होनी चाहिए क्योंकि तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने की दिशा में यह पहला कदम है। मगर यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों खास तौर पर बाल्टिक क्षेत्र और पूर्वी यूरोप के देशों ने इसे ध्यान भटकाने वाली हरकत कहा है। पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से कहा कि यदि यूक्रेन हमले रोक दे तो वह भी हमले बंद कर देंगे। मगर कुछ ही घंटों बाद पुतिन ने पूर्वी यूक्रेन के स्लोव्यांस्क शहर में ऊर्जा ढांचे पर बड़ा हवाई हमला कर दिया। इसकी वजह से 1 लाख लोग बिना बिजली के रह गए। ध्यान देने की बात है कि वॉशिंगटन डीसी के साथ 90 मिनट की बातचीत में पुतिन 30 दिन के बिना शर्त युद्धविराम पर राजी नहीं हुए, जबकि यूक्रेन पिछले हफ्ते ही इसके लिए तैयार हो चुका था। पुतिन ने इसके लिए शर्तें रखीं, जिससे संकेत मिलता है कि रूस स्थायी शांति समझौते के लिए गंभीर नहीं है।

रूस ने यूक्रेन को विदेशी सैन्य सहायता तथा खुफिया सूचनाएं मुहैया कराने पर पूरी तरह रोक की प्रमुख शर्त रखी है। इसमें अमेरिकी सैन्य सहायता के साथ यूरोपीय सहयोगियों से मिलने वाली सहायता पर भी रोक शामिल है। इसका मतलब है कि युद्ध के बाद यूक्रेन को लंबे अरसे तक सुरक्षा की गारंटी भी नहीं दी जाएगी। जाहिर है कि ये शर्तें न तो यूक्रेन मानेगा और न ही यूरोप। फरवरी 2022 में रूसी हमले के बाद से बड़ी संख्या में यूक्रेनी नागरिक और जवान जान गंवा चुके हैं। बिजली और गैस उत्पादन की उसकी आधी आधी से ज्यादा क्षमता भी खत्म हो चुकी है। पुतिन की शर्तों में जैपोरिजिया परमाणु संयंत्र पर रूसी कब्जे के बारे में भी कोई जवाब नहीं दिया गया है। समझ नहीं आता कि इतना कुछ गंवा चुके यूक्रेन को इस सीमित समझौते से क्या मिलेगा। इसके उलट रूसी इलाकों में मौजूद रिफाइनरियों पर यूक्रेन ड्रोन हमले रोकता है तो रूस को बहुत फायदा होगा। खबर है कि ट्रंप और पुतिन काले सागर में समुद्री संघर्ष रोकने पर भी राजी हो गए हैं। इससे भी रूस को ही ज्यादा फायदा होगा, जिसके जहाजों के बेड़े को यूक्रेन के ड्रोन क्रीमिया से खदेड़कर पूर्वी काले सागर में भगा चुके हैं।

आश्चर्य नहीं कि ट्रंप और पुतिन के समझौते को यूरोप ने तवज्जो नहीं दी है। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर ओलाफ शुल्ज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वे यूक्रेन की सेना को ह्यप्रतिरोध की इस जंगह्न में मदद करते रहेंगे। मोर्चे के करीब के देशों को भी पुतिन पर यकीन नहीं है। 18 मार्च की शाम को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्यों पोलैंड, लिथुआनिया, लातविया और एस्टोनिया ने रूस से खतरे की बात कहकर 1997 के ओटावा समझौते से निकलने की योजना बताई। यह संधि ह्यएंटी पर्सनल बारूदी सुरंगोंह्न पर रोक लगाने की बात करती है। नाटो के तहत इन देशों को अपने सकल घरेलू उत्पाद का 3 फीसदी रक्षा पर खर्च करना होता है मगर हैरत नहीं है कि ये सब उससे बहुत अधिक खर्च करते हैं। अजीब बात है कि रूस ने शांति वार्ता के लिए अमेरिका के साथ द्विपक्षीय बातचीत पर जोर दिया है, जिससे यूक्रेन बातचीत से बाहर रहेगा। विश्लेषकों को लगता है कि पुतिन संपूर्ण युद्ध विराम के ट्रंप के प्रयासों न कहे बगैर ही नकारने का तरीका तलाश रहे हैं। पुतिन चाहते हैं कि अमेरिका यूरोप से अलग हो जाए और खतरा यह है कि अमेरिका इस चाल में फंस सकता है। ट्रंप का रुख पुतिन के समर्थन में रहा है और पिछले महीने व्हाइट हाउस में उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमिर जेलेंस्की को जिस तरह निशाना बनाया उसे देखते हुए यह असंभव नहीं है। उदार और नियम आधारित व्यवस्था की संभावना पहले कभी इतनी निराश करती नहीं दिखी।

# अप्रैल 2025 से महंगी होंगी कारें!
## कंपनियां कीमत बढ़ाने का कर चुकी हैं ऐलान



**नई दिल्ली।** भारतीय ऑटोमोबाइल निमार्ता अप्रैल 2025 से अपने सभी वाहनों के पोर्टफोलियो में कीमतें बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं, जिसका कारण बढ़ती इनपुट लागत और नियामक दबाव को बताया जा रहा है। मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, हुंडई, होंडा इंडिया, किआ और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी प्रमुख कंपनियों ने 2 से 4 प्रतिशत तक कीमतें बढ़ाने की घोषणा की है। पिछले नौ महीनों में मूल उपकरण निमार्ताओं के शुद्ध लाभ मार्जिन में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है, और विश्लेषकों का मानना है कि अगर ये बढ़ोतरी नहीं हुई तो कंपनियों पर काफी दबाव पड़ सकता है।

ब्लूमबर्ग के डेटा से पता चलता है कि अधिकतर कच्चे माल की लागत बढ़ रही है। लंदन मेटल एक्सचेंज इंडेक्स में साल-दर-साल 11.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जिसमें तांबे की कीमत में 12.8 प्रतिशत और टिन की कीमत में 30.9 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी शामिल है। निकल की कीमत महीने-दर-महीने 3.9 प्रतिशत बढ़ी, लेकिन साल-दर-साल आधार पर यह 7.5 प्रतिशत कम रही। हालांकि, कुछ वस्तुओं जैसे स्टील और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई, जिसमें ब्रेंट क्रूड की कीमत साल-दर-साल 16.4 प्रतिशत घटकर 72.5 डॉलर प्रति बैरल हो गई।

प्राइमस पार्टनर्स के सलाहकार अनुराग सिंह ने कहा, हालांकि निमार्ताओं ने आंतरिक दक्षता के जरिए कुछ लागत को अपने ऊपर लिया है, लेकिन कुल मिलाकर प्रभाव इतना बढ़ गया है कि लाभप्रदता बनाए रखने के लिए कीमतों में बदलाव जरूरी हो गया है। अगर ये कीमतें नहीं बढ़ाई गईं तो डएटर के लाभ मार्जिन पर भारी दबाव पड़ सकता है, जिससे भविष्य में रिसर्च, डेवलपमेंट और विस्तार के लिए निवेश करने की उनकी क्षमता प्रभावित हो सकती है।

दिसंबर 2024 तक नौ महीनों की अवधि में, मारुति सुजुकी का शुद्ध लाभ मार्जिन पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 48 बेसिस पॉइंट्स बेहतर हुआ। दूसरी ओर, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा में बहुत कम बदलाव देखा गया, जिसमें क्रमशः लगभग 0.04 बेसिस पॉइंट्स और 0.28 बेसिस पॉइंट्स की बढ़ोतरी हुई।

**कीमत में बढ़ोतरी के पीछे कई कारण :** उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि कीमतों में बढ़ोतरी कई कारकों से प्रभावित है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स की बढ़ती लागत, नियामक अनुपालन की जरूरतें और प्रीमियमाइजेशन की ओर रुझान शामिल हैं। सिंह ने कहा, दो मुख्य कारण हैं फीचर्स और इलेक्ट्रॉनिक्स की बढ़ती लागत और इनपुट लागत में उतार-चढ़ाव। हालांकि स्टील की कीमतें स्थिर रहीं और तेल की कीमतें घटीं, लेकिन मजदूरी लागत और मुद्रा में उतार-चढ़ाव जैसे अन्य कारक निमार्ताओं को प्रभावित कर रहे हैं।

विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि मार्च के अंत में डेप्रिसिएशन बेनिफिट्स का फायदा उठाने के लिए इस समय कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा करना आम बात है।

# बोइंग ने भारत में 180 लोगों को नौकरी से निकाला

**बेंगलुरु।** अमेरिकी विमान निमार्ता कंपनी बोइंग ने भारत में 180 लोगों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी ने वैश्विक कार्यबल में कटौती के तहत यह कदम उठाया है। खर्चे कम करने और जरूरी बदलाव की कवायद के तहत कंपनी ने बंगलूरू की इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी केंद्र में 180 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है।




**भारत में करीब 7,000 कर्मचारी :** वैश्विक स्तर पर कई चुनौतियों का सामना कर रही बोइंग के भारत में करीब 7,000 कर्मचारी हैं। भारत कंपनी के लिए एक प्रमुख बाजार भी है। पिछले साल बोइंग ने वैश्विक कार्यबल में करीब 10 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की थी।

**2024 की दिसंबर तिमाही में नौकरी से निकाला गया :** इस घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, वैश्विक कार्यबल में कटौती के तहत बंगलूरू में बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी केंद्र में 180 कर्मचारियों को 2024 की दिसंबर तिमाही में नौकरी से निकाल दिया गया। हालांकि, बोइंग की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

**नए पद भी सृजित किए गए :** सूत्र ने बताया कि ग्राहकों या सरकारी परिचालन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसका ध्यान रखते हुए रणनीतिक समायोजन किए गए। कुछ पदों को खत्म किया गया, लेकिन नए पद भी सृजित किए गए। भारत में स्टाफ की कटौती करते वक्त ग्राहक सेवा, सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने पर स्पष्ट ध्यान दिया गया।

**अमेरिका के बाहर सबसे बड़े निवेशों में से एक :** बंगलूरू और चेन्नई में बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (इक्एळउ) जटिल उन्नत एयरोस्पेस संबंधी काम करता है।

# धर्मार्थ ट्रस्ट के सदस्यों पर लगे वित्तीय अनियमितता के आरोप
## अदालत ने नियुक्त किए 11 नए ट्रस्टी

**ठाणे।** ठाणे के एक धर्मार्थ ट्रस्ट के पुराने ट्रस्टियों पर ट्रस्ट में वित्तीय अनियमितता करने और प्रशासनिक खामियां करने का आरोप लगा है। इसके बाद ठाणे की एक अदालत ने पिछले ट्रस्टियों को फिर से नियुक्त करने से इनकार कर दिया और 11 नए ट्रस्टियों को नियुक्त किया है।

भिवंडी के जिला न्यायाधीश एनके करांडे ने कहा कि ट्रस्ट के प्रशासन और विकास के लिए भीमेश्वर सदगुरु नित्यानंद संस्था के नए ट्रस्टियों की नियुक्ति जरूरी है। अदालत ने फैसला सुनाया कि मौजूदा ट्रस्टियों के खिलाफ जांच चल रही है और उन्होंने प्रशासनिक खामियां की हैं। भीमेश्वर सदगुरु नित्यानंद संस्था गणेशपुरी बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1950 के तहत एक पंजीकृत धर्मार्थ ट्रस्ट है। यहां ट्रस्टियों को पांच साल के लिए नियुक्त किया जाता है। कार्यकाल समाप्त होने पर जिला न्यायालय द्वारा नई नियुक्तियां की जाती हैं। पिछले ट्रस्टियों को 2016 में पांच साल के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया था। उनका कार्यकाल 16 नवंबर 2021 को समाप्त हो गया। नियुक्ति प्रक्रिया में देरी और वित्तीय अनियमितताओं के कई आरोपों के कारण मुकदमेबाजी चलने से नए सदस्यों की नियुक्ति नहीं हो सकी।



कई ट्रस्टियों के खिलाफ वित्तीय कुप्रबंधन समेत कई शिकायतें मिलीं। चैरिटी कमिश्नर की रिपोर्ट के मुताबिक कुछ ट्रस्टियों के खिलाफ चल रही अनियमितता, अनादर, कदाचार की शिकायतों की जांच चल रही है। वहीं ग्रामीणों, ट्रस्ट कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी ट्रस्ट प्रशासन और आर्थिक लेन-देन पर चिंता जताई थी। कई ट्रस्टी वर्ष 2019-2020 और 2020-21 के लिए ऑडिट रिपोर्ट और वित्तीय खाते जमा करने में भी विफल रहे। इसके बाद कोर्ट ने माना कि ट्रस्ट के प्रभावी प्रशासन और विकास के लिए नए ट्रस्टियों की नियुक्ति की आवश्यकता है। कोर्ट ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी करके ट्रस्टी बनने के लिए आवेदन मांगे। कोर्ट को 152 आवेदन प्राप्त हुए।

## राशिफल

**मेष :** सोशल मीडिया पर आपकी कुछ हरकतों को देखकर आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। किसी पोस्ट पर आपत्ति कर सकते हैं।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहेगा। आप अपने पार्टनर के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिता पाएंगे। नए संबंध बनाने के लिए भी समय अच्छा रहेगा।

**मिथुन :** आपका प्रेमी कुछ रोमांटिक योजना बना सकता है लेकिन आप उसकी बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगे।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए यादगार साबित हो सकता है। आप अपने पार्टनर के साथ खूबसूरत समय बिता पाएंगे।

**सिंह :** प्रेमी के लिए अच्छा दिन कहा जा सकता है। रिश्तों में पहले से ज्यादा गहराई और जुनून देखा जा सकता है। आप प्रेम-संबंध में जिस मुकाम पर पहुंचे हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए कठिन रहने के आसार हैं। पार्टनर से किसी न किसी बात पर झगड़ा होगा। जिससे आपके बीच अनबन हो सकती है।

**तुला :** पुराने संबंधों की याद आज ताजा हो सकती है जिससे मन में उदासी रहेगी. आप जितना भूलने की कोशिश करेंगे, आप उतने ही परेशान होंगे।

**वृश्चिक :** नए प्रेम संबंध में धोखा मिलने के योग हैं। शादीशुदा जातकों के प्रेम जीवन में तनाव की स्थिति रहेगी। किसी कारणवश गंभीर झगड़ा हो सकता है।

**धनु :** यदि आप दोनों के बीच कुछ समय से कुछ अनबन चल रही है तो आप दोनों इस बारे में बात कर सकते हैं।

**मकर :** आज आपके लिए विवाह प्रस्ताव आ सकते हैं। अगर आप किसी को चाहते हैं तो उसके बारे में अपने परिवार वालों से बात करना न भूलें।

**कुंभ :** किसी मित्र के कारण प्रेम संबंधों में दरार आ सकती है या गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। अपनी तरफ से ऐसा कुछ होने से रोकें।

**मीन :** आज का आज किसी जरूरी काम में आपको अपने लव पार्टनर का सहयोग मिलेगा। जिससे आपका मानसिक तनाव दूर होगा।

## चुटकुले

टीचर- इतने दिन कहां थे, स्कूल क्यों नहीं आए?
गोलू- बर्ड फ्लू हो गया था मैम।
टीचर- पर ये तो पक्षियों को होता है इंसानों को नहीं।
गोलू- इंसान समझा ही कहां आपने...रोज तो मुर्गा बना देती हो..!!

---

दो लड़कियां बस में सीट के लिए लड़ रही थीं
कंडक्टर- अरे क्यों लड़ रही हो,
जो उम्र में सबसे बड़ी है वो बैठ जाए
फिर क्या, पूरे रास्ते दोनों खड़ी ही रहीं।

---

लडका : मैं उस लडकी से शादी करुंगा,
जो मेहनती हो,
सादगी से रहती हो,
घर को संवारकर रखती हो,
आज्ञाकारी हो।
प्रेमिका : मेरे घर आ जाना,
ये सारे गुण मेरी नौकरानी में है।

# इस हफ्ते वैश्विक संकेतों और एफआईआई की वापसी तय करेगी बाजार की चाल



**नई दिल्ली।** इस हफ्ते घरेलू शेयर बाजार की चाल विदेशी निवेशकों की गतिविधियों, वैश्विक संकेतों और शुल्क से जुड़ी खबरों पर निर्भर करेगी। विश्लेषकों का कहना है कि बाजार में बीते हफ्ते आई जबरदस्त तेजी के बाद निवेशकों की नजर अब रुपये की स्थिति, कच्चे तेल के दाम और एफआईआई की चाल पर होगी।

पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 3,076 अंक या 4.16% चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी में 953 अंक या 4.25% की तेजी रही। जानकारों का कहना है कि यह उछाल विदेशी पूंजी के प्रवाह, मजबूत वैश्विक संकेतों और निवेशकों की सुधरती धारणा की वजह से देखने को मिला।

### इन वजहों से बाजार में बना है पॉजिटिव माहौल

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि आकर्षक वैल्यूएशन और आर्थिक रिकवरी के संकेतों की वजह से एफआईआई की वापसी हो रही है, जिससे बाजार में तेजी बनी रह सकती है।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के अजित मिश्रा के अनुसार, इस हफ्ते घरेलू स्तर पर कोई बड़ा आर्थिक आंकड़ा नहीं है, इसलिए बाजार की नजर मार्च सीरीज के डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स के निपटान और एफआईआई की पोजिशनिंग पर रहेगी। साथ ही अमेरिकी बाजार, शुल्क से जुड़े फैसले और वहां के जीडीपी आंकड़े भी निवेशकों की सोच को प्रभावित करेंगे।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के विनोद नायर ने बताया कि डॉलर इंडेक्स में गिरावट और ब्याज दरों में संभावित कटौती की उम्मीद से उभरते बाजारों में निवेश बढ़ा है।

एफआईआई की बिकवाली में भी कमी आई है और वे अब शुद्ध खरीदार बन गए हैं, जिससे घरेलू बाजार की सेंटिमेंट मजबूत हुई है।

बाजार आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गुरुवार को 3,239 करोड़ रुपये और शुक्रवार को 7,470 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। इससे बाजार में लिवाली का माहौल बना हुआ है और आगे भी इसमें मजबूती देखी जा सकती है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया की पहली हॉस्पिटल ट्रेन भारत के पास है। जिसका नाम लाइफ लाइन ट्रेन है।
- एक सामाजिक अध्ययन के अनुसार संसार की महिलाये करीब 18 ट्रिलियन डॉलर कमाती हैं। लेकिन उनके खर्चे करीब 28 ट्रिलियन डॉलर होते हैं।
- क्या आप जानते हैं कि सऊदी अरब देश में एक भी नदी नहीं है।
- क्या आप जानते हैं की हीरे की खोज सबसे पहले भारत में ही की गयी थी।
- क्या आप जानते हैं कि शैम्पू की खोज सबसे पहले भारत में ही हुई थी।
- प्लास्टिक सर्जरी का अविष्कार भारत में ही हुआ था।
- क्या आप जानते हैं साल 1880 में थाईलैंड की रानी डूब रही थी लेकिन उसे बचाने उसके नौकर भी नहीं आये थे। क्योंकि थाईलैंड की रानी को छूना मना था।
- क्या आप जानते हैं की दुनिया में सबसे पुराना झंडा डेनमार्क देश का हैं जो 13 सदी से लगाया जा रहा है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# जिम्नास्ट प्रणति नायक का शानदार प्रदर्शन

## एफआईजी विश्व कप में कांस्य पदक जीता



**अंताल्या।** भारतीय जिम्नास्ट प्रणति नायक ने शनिवार को तुर्की के अंताल्या में एफआईजी कलात्मक जिम्नास्टिक एपरेट्स विश्व कप के वॉल्ट फाइनल में कांस्य पदक हासिल किया। टोक्यो ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली 29 वर्षीय प्रणति ने वॉल्ट फाइनल में कुल 13.417 का स्कोर बनाया तथा जयला हैंग (13.667) और क्लेयर पीज (13.567) की अमेरिकी जोड़ी के पीछे तीसरे स्थान पर रहीं।

प्रणति ने वॉल्ट क्वालिफिकेशन में 13.317 का स्कोर बनाया था। उन्होंने कहा, 'साल की शुरूआत पदक के साथ करना शानदार अहसास है। इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। मैंने पिछले साल भी जीत हासिल की थी, इसलिए मैं वाकई बहुत खुश हूं।' उन्होंने कहा, 'मेरी नजरें अब एशिया चैंपियनशिप और विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने पर हैं, यही इस साल का लक्ष्य है।'

प्रणति ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले काहिरा में एफआईजी अपैरटस विश्व कप की महिला वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2019 (उलनबटेर) और 2022 (दोहा) में एशियाई चैंपियनशिप में वॉल्ट कांस्य पदक भी जीते। प्रणति वॉल्ट में अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय जिमनास्ट हैं, उनसे पहले दीपा करमाकर (2018 मर्सिन गोल्ड, 2018 कॉटबस कांस्य) और अरुणा रेड्डी (2018 मेलबर्न में विश्व कप) ने पदक जीता है। उन्होंने 2014 और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के साथ-साथ 2014 और 2018 एशियाई खेलों में भी भाग लिया। इसके अलावा उन्होंने 2014, 2017 और 2019 विश्व चैंपियनशिप में भी देश का प्रतिनिधित्व किया।

# न्यूजीलैंड चौथा टी-20 115 रन से जीता

## पाकिस्तान 105 रन पर ऑलआउट, कीवियों ने सीरीज में 3-1 की बढ़त ली



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 में पाकिस्तान को 115 रन से हरा दिया। इसी के साथ कीवी टीम ने सीरीज पर कब्जा कर लिया। टीम 5 मैचों की सीरीज में 3-1 से आगे है। पांचवां और आखिरी मुकाबला 26 मार्च को वेलिंग्टन में खेला जाएगा।

रविवार को बे ओवल मैदान पर पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 220 रन बनाए। इस दौरान टीम ने 6 विकेट गंवाए। जवाब में पाक टीम 16.2 ओवर में 105 रन पर ऑलआउट हो गई। एलन ने 20 बॉल पर 50 रन बनाए न्यूजीलैंड के लिए फिन एलन ने अर्धशतक जमाया। एलन ने 20 बॉल पर 50 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टिम सेफर्ट ने 22 गेंदों में 44 रन बनाए। वहीं माइकल ब्रेसवेल ने नाबाद 46 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए हारिस रऊफ ने तीन विकेट झटके। वहीं, अबरार अहमद ने दो विकेट लिए। जैकब डफी ने 4 विकेट लिए पाकिस्तान की तरफ से अब्दुल समद ने 44 और इरफान खान ने 24 रन बनाए। इन दोनों खिलाड़ियों के अलावा बाकी खिलाड़ी दहाई का भी आंकड़ा नहीं छू सके। न्यूजीलैंड से सबसे ज्यादा 4 विकेट जैकब डफी ने लिए। जैकरी फॉल्क्स ने 3 विकेट झटके। उनके आलावा जेम्स नीशम, ईश सोढ़ी और विलियम ओरूर्क को 1-1 विकेट मिला। न्यूजीलैंड ने जीते थे शुरूआती 2 मुकाबले न्यूजीलैंड की टीम ने सीरीज के शुरूआती 2 मुकाबले जीतकर 2-0 की बढ़त हासिल की थी। टीम ने पहला मुकाबला 9 विकेट से और दूसरा मुकाबला 5 विकेट से जीता था। वहीं, तीसरा मैच पाकिस्तान की टीम 9 विकेट से जीती थी।



### पाकिस्तान की बल्लेबाजी धराशाई

पाकिस्तान की आधी टीम पॉवरप्ले के अंदर ही पवेलियन लौट गई थी। ओपनर जोड़ी मोहम्मद हरीस (2) और हस्सन जवाज (1) फ्लॉप रहे। कप्तान सलमान अली आगा भी 1 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। शादाब खान (1) और खुशदिल शाह (6) ने भी निराश किया। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन अब्दुल समद ने भाई, जिन्होंने 30 गेंदों में 44 रन बनाए।

### जैकब डफी का मैच जिताऊ स्पेल

डफी ने पाकिस्तान के टॉप बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाकर न्यूज़ीलैंड को शानदार शुरूआत दिलाई। उन्होंने सलामी बल्लेबाज हस्सन नवाज (1), कप्तान आगा सलमान (1), इरफान खान नियाजी (24) और हारिस रऊफ (6) के रूप में 4 विकेट लिए। अपने 4 ओवरों के स्पेल में उन्होंने सिर्फ 20 रन दिए। जकारी फौल्कस ने 4 ओवरों के स्पेल में 25 रन दिए और 3 विकेट चटकाए। उनके आलावा जेम्स नीशम, ईश सोढ़ी और विल ओरौर्के ने 1-1 विकेट लिया।

# लखनऊ के इकाना स्टेडियम को मिली भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच की मेजबानी



**नई दिल्ली।** शहर के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी मिली है। यह मुकाबला 17 दिसंबर को खेला जाएगा। शनिवार देर शाम को कोलकाता में हुई बीसीसीआई की अपेक्स काउंसिल की बैठक से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण अफ्रीका की टीम नवंबर-दिसंबर माह में भारत दौरे पर तीन वनडे और पांच टी-20 मैच खेलेगी।

इस सीरीज के तहत 17 दिसंबर को दोनों टीमों के बीच चौथा टी-20 मुकाबला खेला जाएगा। इकाना स्टेडियम में यह भारत का चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला होगा। फटाफट क्रिकेट मुकाबलों की सफल मेजबानी के लिए शहर का अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम देश भर में खासी शोहरत बटोर चुका है। टी-20 इंटरनेशनल में भी यहां मेजबान भारत का शत प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड रहा है। टीम इंडिया अभी तक यहां खेले सभी मुकाबलों में जीत की हैट्रिक जमा चुकी हैं।

ऐसे में 17 दिसंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 17 दिसंबर को होने वाले मुकाबले में भी मेजबान टीम का दबदबा कायम रहने की उम्मीद है। स्टेडियम में भारत का आखिरी टी-20 मुकाबला 29 जनवरी 2023 को खेला गया था, जिसमें भारत ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से पराजित किया था। इससे पहले भारत ने श्रीलंका को 22 फरवरी (वर्ष 2022) और वेस्टइंडीज को छह नवंबर (वर्ष 2018) को हरा चुका है।

### आईपीएल की तैयारी जोरों पर

इकाना स्टेडियम में इन दिनों आईपीएल की तैयारियां जोरों पर है। लखनऊ सुपरजायंट्स का होम ग्राउंड होने के कारण यहां बीते एक माह से टीम प्रबंधन तैयारियों में जुटा रहा। एलएसजी के सात मैच स्टेडियम में खेले जाने हैं, जिसका आगाज एक अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के साथ होगा और आखिरी मुकाबला 18 मई को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेला जाएगा। इस दौरान लखनऊ की टीम मुंबई इंडियंस (चार अप्रैल), चेन्नई सुपरकिंग्स (14 अप्रैल) और रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू (नौ मई) के खिलाफ अहम मुकाबले खेलेगी।

### इकाना स्टेडियम में हुए टी-20 मुकाबलों में अजेय रही टीम इंडिया

वह चाहे आईपीएल हो अथवा टी–20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले। फटाफट क्रिकेट मुकाबलों की सफल मेजबानी के लिए शहर का अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम देश भर में खासी शोहरत बटोर चुका है। टी–20 इंटरनेशनल में भी यहां मेजबान भारत का शत प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड रहा है। टीम इंडिया अभी तक यहां खेले सभी मुकाबलों में जीत की हैट्रिक जमा चुकी हैं। ऐसे में 17 दिसंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 17 दिसंबर को होने वाले मुकाबले में भी मेजबान टीम का दबदबा कायम रहने की उम्मीद है। स्टेडियम में भारत का आखिरी टी–20 मुकाबला 29 जनवरी 2023 को खेला गया था, जिसमें भारत ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से पराजित किया था। इससे पहले भारत ने श्रीलंका को 22 फरवरी (वर्ष 2022) और वेस्टइंडीज को छह नवंबर (वर्ष 2018) को हरा चुका है।

# ईशान किशन का तूफानी शतक, बीसीसीआई ने छीना कॉन्ट्रैक्ट, अब 'डेब्यू' में किया धमाल



**नई दिल्ली।** आईपीएल-2025 को अपना पहला शतकवीर मिल गया है। ये काम किया है सनराइजर्स हैदराबाज के ईशान किशन ने। उन्होंने रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सैकड़ा बनाया है। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में ट्रेविस हेड के तूफान के बाद ईशान ने अपना रोद्र रूप दिखाया और तूफानी पारी खेली।

ये ईशान का हैदराबाद के लिए डेब्यू मैच है और अपने पहले ही मैच में बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहर ढा दिया। उन्होंने 45 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। ये ईशान का आईपीएल का पहला शतक भी है। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 99 था जो उन्होंने मुंबई इंडियंस की तरफ से खेलते हुए बनाया था। अभी तक मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले ईशान को इस बार फ्रेंचाइजी ने रिटेन नहीं किया था और फिर नीलामी में भी उनके लिए कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। ऐसे में सनराइजर्स ने उन पर दांव खेला और पहले ही मैच में उन्होंने बता दिया कि वह किस काबिल है। ईशान की बल्लेबाजी में अपने आप को साबित करने की ललक भी दिखी। बीते कुछ महीनों से उनका समय अच्छा नहीं चल रहा है।

साल 2024 की शुरूआत में उनके हाथ से बीसीसीआई सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट चला गया था। इसका कारण उनका साउथ अफ्रीका दौरा बीच में छोड़कर आना और बीसीसीआई की घरेलू क्रिकेट को तवज्जो देने की बात नहीं मानना था। नतीजा ये रहा कि वह तब से टीम इंडिया से बाहर हैं। ईशान ने काफी मुश्किल समय निकाला, लेकिन अपनी मेहनत कम नहीं की जो इस मैच में देखने को भी मिली।

# यशस्वी जायसवाल ने अपने ही खिलाड़ी को मारी गेंद, दर्द से कराहने लगा गेंदबाज



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स रविवार को आईपीएल-2025 का अपना पहला मैच खेल रही है। उसका सामना सनराइजर्स हैदराबाद से है। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में ये मैच खेला जाना है और इस मैच में राजस्थान के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपने ही खिलाड़ी को गेंद मार दी।

राजस्थान ने इस मैच में टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रियान पराग इस मैच में राजस्थान की कप्तानी कर रहे हैं। संजू सैमसन को इम्पैक्ट प्लेयर में चुना गया है। हैदराबाद के बल्लेबाज ट्रेविड हेड तो अपनी तूफानी बल्लेबाजी से राजस्थान के गेंदबाजों की खबर ली, वहीं यशस्वी ने अपने ही खिलाड़ी को दर्द दे दिया।

पहली पारी का सातवां ओवर फेंक रहे थे राजस्थान के संदीप शर्मा। वह गेंद फेंककर अपने रनअप पर वापस लौट रहे थे। तभी यशस्वी ने वापस गेंद उन्हे दी, लेकिन यहां संदीप का ध्यान गेंद पर नहीं था और यशस्वी ने भी ये बात नोटिस नहीं की। उन्होंने गेंद फेंक दी जो सीधा जाकर संदीप के सीने में काफी तेज लगी। गेंद लगते ही संदीप के मुंह से आह की आवाज निकली और वह अपने सीने को सहलाने लगे।

यशस्वी को अपनी इस गलती का पछतावा था और उन्होंने तुरंत माफी भी मांगी। संदीप भी बाद में हंस दिए और अपना ओवर पूरा करने चले गए। संदीप को इसमें ज्यादा चोट नहीं आई।

हैदराबाद की बल्लेबाजी काफी खतरनाक है। उसके पास एक से एक बल्लेबाज हैं। पिछले सीजन इस टीम ने जहां खत्म किया था वहीं से इस सीजन शुरू किया और पहले ही मैच में तूफानी बल्लेबाजी दिखाई। अभिषेक शर्मा और हेड ने टीम को तूफानी शुरूआत दी। अभिषेक तो जल्दी आउट हो गए, लेकिन हेड ने अपना तूफान जारी रखा। उनकी तूफानी बैटिंग के दम पर हैदराबाद ने पावरप्ले के छह ओवरों में 94 रन बनाए। वह शतक की तरफ बढ़ते दिख रहे थे, लेकिन तुषार देशपांडे ने उनकी पारी का अंत कर दिया। 10वें ओवर की तीसरी गेंद पर हेड मिड ऑफ पर शिमरॉन हेटमायर के हाथों लपके गए। उन्होंने 31 गेंदों पर नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से 67 रन बनाए।

## सूर्या से सवाल- अनकैप्ड प्लेयर धोनी को कैसे कंट्रोल करेंगे

# मुंबई के कप्तान ने कहा, क्या इतने सालों में उनको कोई कंट्रोल कर पाया है



**मुंबई।** सूर्यकुमार यादव आज यानी रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे। टीम के रेगुलर कप्तान हार्दिक पंड्या पर एक मैच का बैन लगा है। मुकाबले से पहले शनिवार को चेपॉक में प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक रिपोर्टर ने सूर्या से सवाल किया, अनकैप्ड प्लेयर एमएस धोनी को कंट्रोल करने का क्या प्लान है?

शुरू में वे समझ नहीं सके, उन्हें लगा कि रिपोर्टर अंपायर्स का जिक्र कर रहे हैं। फिर जब वे समझे तो हंसते हुए बोले, क्या इतने सालों में उनको कोई कंट्रोल कर पाया है।

चेन्नई ने धोनी की कप्तानी में 5 आईपीएल (2010, 2011, 2018, 2021, 2023) खिताब जीते हैं।

उन्हें फिर से देखने के लिए उत्साहित हूं- सूर्यकुमार सूर्या ने आगे कहा, जब आप चेन्नई आते हैं और उन्हें ड्रेसिंग रूम से बाहर आते देखते हैं तो यह हमेशा रोमांचक होता है। हमने उनसे बहुत सारी अच्छी बातें सीखी हैं और आज भी जब भी हमें मौका मिलता है, हम उनसे बातचीत करते हैं। मैं उन्हें फिर से देखने के लिए उत्साहित हूं, लेकिन मैं उनके खिलाफ कप्तानी करूंगा, इसलिए यह एक बड़ी चुनौती होगी।

उरङ के पास अच्छे गेंदबाज- सूर्या चेन्नई सुपर किंग्स के बारे में बात करते हुए सूर्या ने कहा, उनके पास अच्छे गेंदबाज जो इस फ्रैंचाइजी के लिए पहले भी खेल चुके हैं और काफी लंबे समय से खेल रहे हैं। लेकिन इस फॉर्मेट में आपको अपने स्तर पर इन चुनौतियों से निपटना होता है और हर गेंद को गेंद के हिसाब से खेलना होता है।

सूर्यकुमार टककी कप्तानी करेंगे इस मैच में मुंबई की कप्तानी हार्दिक पंड्या की जगह सूर्यकुमार यादव करेंगे। हार्दिक पर एक मैच का बैन लगा हुआ है। यह बैन पिछले सीजन टकके आखिरी मैच में स्लो ओवर रेट के कारण लगा था। इसे सीजन में मुंबई के पहले मैच में लागू किया गया। हालांकि, अगले मुकाबले से पंड्या फिर टीम की कमान संभाल लेंगे।

# रियान प्रयाग ने कप्तान बनते ही आईपीएल में रचा कीर्तिमान, एक झटके में तोड़ डाला 11 साल पुराना रिकॉर्ड



**मुंबई।** आईपीएल 2025 का पहला डबल हेडर का पहला मैच राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में राजस्थान रॉयल्स की टीम ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी।

राजस्थान की टीम की कप्तानी संजू सैमसन के पास है, लेकिन शुरूआत के 3 मैचों में टीम की कप्तानी रियान पराग कर रहे हैं, जबकि संजू बतौर इम्पैक्ट प्लेयर मैदान पर खेल रहे हैं। मैच में कप्तान बनते ही रियान पराग ने आईपीएल में इतिहास रच दिया है। वह राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करने वाले सबसे युवा कप्तान बन गए हैं। दरअसल, रियान पराग आईपीएल इतिहास के चौथे सबसे युवा कप्तान बन गए हैं। 23 साल और 133 दिन की उम्र में उन्हें आज राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करने का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने आईपीएल में सबसे युवा कप्तान के मामले में श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत को पछाड़ा डाला।

श्रेयस अय्यर ने साल 2018 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी 23 साल और 142 दिन की उम्र में की थी, जबकि ऋषभ पंत ने 23 साल और 188 दिन की उम्र में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी 2021 में की थी।

# काशी में 12 महाविद्यालय की 500 बेटियों ने दिखाया दम, वॉलीबॉल-कबड्डी में बीएचयू चैंपियन

**काशी।** वसंत कन्या महाविद्यालय कमच्छा में वार्षिक खेल के अंतिम दिन वॉलीबॉल और कबड्डी प्रतियोगिता में बीएचयू के शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम विजयी रही। शतरंज और कैरम में भी बीएचयू के ही खिलाड़ियों ने बाजी मारी। कोनेरू हम्पी शतरंज में महिला महाविद्यालय बीएचयू की आश्रुति बरनवाल विजयी हुई।

मैडम ब्लावात्स्की वॉलीबॉल टूनामेंट के फाइनल में बीएचयू के शारीरिक शिक्षा विभाग और अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। शारीरिक शिक्षा विभाग ने खिताब जीता। मैरीकॉम कबड्डी के फाइनल में शारीरिक शिक्षा विभाग विजयी रही। लंबी और ऊंची कूद में भव्या सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कैरम में बिट्टर लोलन विजेता रहीं। खो-खो में नेहा कुमारी के नेतृत्व वाली ग्रुप ए की टीम ने जीत हासिल की। ताइक्वांडो में राखी तोमर, 200 मीटर दौड़ में महिमा कुमारी और बैडमिंटन में अदिति मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छह दिनों में 500 छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

मुख्य अतिथि बीएचयू शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रो. संजय सोनकर और विद्यापीठ के शारीरिक शिक्षा विभाग प्रो. सुशील कुमार गौतम रहे। इस मौके पर समिति के सदस्य डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. पूर्णिमा, डॉ. शशिकेश कुमार, डॉ. शशि प्रभा कश्यप मौजूद रहे।



### हॉकी : मेरठ मंडल ने वाराणसी को हराया

मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर हॉकी प्रतियोगिता के चौथे दिन छह मैच खेले गए। झांसी, कानपुर, मेरठ, लखनऊ ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं, अयोध्या और प्रयागराज मंडल, भदोही और अयोध्या मंडल के बीच मैच ड्रा हुआ। तीसरा मुकाबला मेरठ और वाराणसी मंडल के बीच हुआ। इसमें मेरठ मंडल ने वाराणसी मंडल को 5–0 गोल से शिकस्त दी।

### ओमप्रकाश को स्वर्ण अभिषेक को रजत

मेरठ के खिलाड़ियों ने राज्य समन्वय सीनियर महिला जूडो प्रतियोगिता के दूसरे दिन तीन स्वर्ण और दो रजत जीते। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देशीय हाल में आयोजित प्रतियोगिता के तहत नौ भार वर्गों के मुकाबले खेले गए। पुरुष 73 किग्रा में वाराणसी के अभिषेक को रजत, 90 किग्रा में वाराणसी के ओमप्रकाश को स्वर्ण पदक मिला।



### कबड्डी में गोरखपुर ने वाराणसी को हराया

ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में गोरखपुर ने वाराणसी को पराजित कर दिया। शुभारंभ ध्रुव सिंह ने किया। इसमें गोरखपुर, वाराणसी, मऊ प्रयागराज, बलिया, गाजीपुर, जौनपुर, प्रतापगढ़, भदोही एवं आजमगढ़ हिस्सा ले रही हैं।

### बीच वॉलीबॉल के लिए 14 ने कराया पंजीकरण

विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद बीएचयू की ओर से प्रस्तावित अंतर संकाय बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खेलने के लिए 14 टीमों ने पंजीकरण कराया है। साथ ही शनिवार शाम को कला संकाय की टीम ने एंफीथियेटर मैदान पर अभ्यास किया। क्रीड़ा परिषद के सहायक सचिव डॉ. रॉबिन सिंह बताया कि पंजीकृत टीमों के बीच मैच 24 से 27 मार्च के बीच होंगे।



### टेबल टेनिस में प्रियांशी और तान्या ने जीता स्वर्ण

दूसरे पैरा नेशनल टेबल टेनिस प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को हराकर प्रियांशी केसरी और तान्या की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता है। प्रतियोगिता बड़ोदरा के शमा इंडोर कॉम्प्लेक्स में 21 से 23 मार्च तक खेली जाएगी। शनिवार को ही यूपी के विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया गया।

### जूडो में ओमप्रकाश, कमलेश ने जीता स्वर्ण

लखनऊ में खेल विभाग की प्रदेशस्तरीय समन्वय जूडो प्रतियोगिता में जिले के पांच खिलाड़ियों ने पदक जीते। पहले दिन 55 किलो भार वर्ग में कमलेश ने अयोध्या के खिलाड़ी सद्दाम अहमद को और 90 किलो भर वर्ग में ओमप्रकाश ने सहारनपुर के विक्की को हराकर स्वर्ण पदक जीता। 73 किलो भार वर्ग में अभिषेक और 100 किलो से अधिक भार वर्ग में हर्षित ने रजत पदक जीता।

100 किलो भार में सूरज मौर्य को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। टीम कोच लाल कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में आठ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। पहले दिन कुल पांच खिलाड़ियों ने पदक जीते। तीन का मुकाबला रविवार को होगा।

### हैंडबॉल में विद्यापीठ की टीम को मिली हार

चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय में चार दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी हैंडबॉल महिला चैंपियनशिप का आगाज शनिवार से हुआ। पहले दिन यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान जयपुर ने एमजी काशी विद्यापीठ वाराणसी को 20–16 के अंतर से, वीबीएस पूर्वांचल यूनिवर्सिटी ने संत गाडगे बाबा अमरावती यूनिवर्सिटी 20–14 से हराया।

## न्यूज डायरी

### गन्ने के खेत में आग लगाने पर विवाद:किसान पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मोदीनगर के भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव दौसा बंजारपुर में गन्ने की फसल में आग लगने से विवाद हो गया। नितिन ने अपने खेत में ईख की पत्तियों में आग लगाई। तेज हवा के कारण आग पड़ोसी किसान नरेश के खेत तक पहुंच गई। इससे नरेश के चार बीघा गन्ने की फसल जल गई। नरेश के परिवार का सदस्य मनीष खेत पर पहुंचा और आग बुझाने लगा। मनीष ने नितिन से आग लगाने को लेकर विरोध किया। इस पर नितिन और उसके भाई अंकित ने मनीष की पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, दोनों ने मनीष पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास भी किया। आसपास के लोगों की आवाज सुनकर दोनों आरोपी मौके से भाग गए। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय के अनुसार, शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी नितिन उर्फ काले को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस दूसरे आरोपी अंकित की तलाश कर रही है।

### गांजा तस्करी करने वाले 4 तस्कर गिरफ्तार



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा पुलिस ने गांजा तस्करी के एक बड़े गिरोह का खुलासा किया है। सेक्टर-63 थाने की पुलिस ने शनिवार रात को चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 7.2 किलो गांजा, एक आई-20 कार और पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में दिल्ली के जाफराबाद का सलमान, छिजारसी कॉलोनी का साहिल, चोटपुर कॉलोनी के मनोज उर्फ मल्लाह और अभिषेक शामिल हैं। सभी की उम्र 19 से 29 साल के बीच है। गिरोह का सरगना सलमान दिल्ली से गांजा लाता था। वह एक अज्ञात तस्कर से मुंह ढक कर मिलता था। यह तस्कर अलग-अलग जगहों पर गांजे का थैला देकर चला जाता था। साहिल, अभिषेक और मनोज इस गांजे को छिजारसी, चोटपुर, बहलोलपुर और गढ़ी चौखंडी में तीन गुना कीमत पर बेचते थे। पुलिस ने आरोपियों से 71,200 रुपये भी बरामद किए हैं। यह रकम गांजे की बिक्री से हासिल की गई थी। गिरोह के सरगना सलमान के खिलाफ फेज तीन थाने में एनडीपीएस समेत तीन मुकदमे पहले से दर्ज हैं। अन्य आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। पुलिस गांजे के नियमित खरीदारों की भी जानकारी जुटा रही है।

### चोरी के टायर खरीदने-बेचने का रैकेट पकड़ा



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में पुलिस ने चोरी के टायरों की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। सेक्टर-39 थाना पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की मदद से दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद जीशान पुत्र मोहम्मद शादिक और इमरान पुत्र अब्दुल समद के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से विभिन्न लग्जरी कारों के कुल 19 टायर और एलॉय व्हील बरामद किए हैं। बरामद सामान में होंडा सिटी के 4 टायर और एलॉय व्हील, हुंडई आई-20 के 4 टायर और एलॉय व्हील, क्रेटा के 4 टायर और एलॉय व्हील, वर्ना के 4 टायर और एलॉय व्हील तथा किआ सेल्टॉस के 3 टायर और एलॉय व्हील शामिल हैं। पुलिस बरामद किए गए टायरों के संबंध में विस्तृत जांच कर रही है।

### नोएडा में समलैंगिक युवकों से ब्लैकमेलिंग



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा पुलिस ने समलैंगिक युवकों से ब्लैकमेलिंग कर रुपये वसूलने वाले गिरोह का खुलासा किया है। थाना फेस-2 पुलिस ने बुलंदशहर के तीन आरोपियों संदीप, विष्णु और राहुल निवासी बुलंदशहर को गिरफ्तार किया है। पीड़ित ने 22 मार्च को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। आरोपियों ने नौकरी के इंटरव्यू के बहाने पीड़ित को बुलाया। कमरे में बंद कर उसके साथ अश्लील हरकतें कीं और वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसे मांगने लगे। पीड़ित ने मजबूरी में 20 मार्च को 2,500 रुपये और 22 मार्च को 1,500 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए।




### कौन टू-स्टार लगा है जाने के प्रयास में

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में तमाम दरोगा व थ्री-स्टार यहां से जाने के प्रयास में लगे हुए हैं। बताया जा रहा है कि कोई लिंक तलाश रहा है, तो कोई अपना नया प्लान बना रहा है। वहीं इन दिनों एक टू-स्टार जो कि वर्तमान में एक कार्यालय में पीआरओ की भूमिका निभा रहे हैं, वो जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद से विदा लेने की तैयारी कर रहे हैं। सुनने में आया है कि बीते दिनों उन्होंने अपने कमिश्नरेट के अन्य साथियों से चर्चा की थी कि अब यहां से चला जाए। बताया जा रहा है कि उनको उम्मीद थी कि कमिश्नरेट वाले सिस्टम में कृपा वाला आशीर्वाद मिलेगा लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि वह लंबे समय से वेट एंड वॉच में ही रह गए हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि उनकी पारी भी लंबी हो चुकी है, पर उनपर कुछ वजह रही जिस वजह से भरोसा नहीं जताया गया है। सुनने में आया है कि एक बार उनके नाम की चर्चा खास कार्यालय में जमकर हुई थी। उनको देहात या नदिया पार में भेजा जा सकता था, पर अंतिम समय में उनके नाम पर सहमति वाला माहौल बन नहीं पाया था। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कुछ ही पीआरओ ऐसे हैं जिन पर कृपा बरसती है और उनका वर्किंग स्टाइल अधिकारियों को पसंद आया है। बताया जा रहा है कि वैसे यह वाले पीआरओ अभी अपना कमाल नहीं दिखा पाए हैं। पर जिस तरीके के पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम गाजियाबाद में हालत है, उसके बीच यह टू-स्टार अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से जाने का प्लान बना रहे हैं। सुनने में आया है कि इन्होंने पूरी प्रक्रिया की पड़ताल की है ताकि जल्द ही इनको रवाना किया जा सके। वहीं सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि अभी भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 2015 बैच के तमाम टू-स्टार अपनी कमिश्नरेट से रवानगी कराने के लिए जोन वाले साहब से लेकर मुख्यालय वाले साहब और साहब के कार्यालय तक पत्र और फाइल भेजने का प्रयास कर रहे हैं ताकि उनको जल्द ही भेजा जा सके। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि अप्रैल वाले माह में मुख्यालय को रिपोर्ट भी भेजी जाएगी कि कौन रवाना हुआ और कौन अभी कमिश्नरेट में ही जमा हुआ है। वैसे भी कुल मिलाकर देखना होगा कि आने वाले दिनों में किस-किस की रवानगी होती है और किसको अभी यहीं होल्ड पर रखा जाता है।




## नम आंखों दी गई स्वर्गीय जगबीरी देवी को शोक सभा में श्रृद्धांजलि











**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा की दादी जगबीरी देवी का 14 मार्च को निधन हो गया था। रविवार को भोवापुर कौशाम्बी में स्व० जगबीरी देवी की शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा में स्व० जगबीरी देवी के पुत्र रामबीर चौधरी, श्यामबीर चौधरी, भतीजे पूर्व पार्षद चौधरी अतर सिंह सहित परिवार के सभी सदस्यों ने श्रृद्धासुमन अर्पित किये।

## वार्ड 10 भगत सिंह चौक पर मनाया गया शहीदी दिवस



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 10 डीएलएफ कालोनी स्थित भगत सिंह चौक पर शहीदी दिवस के अवसर पर शहीदे आजम भगतसिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव सिंह व राजगुरु को आज के दिन 1930 में फाँसी दी गई थी। भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण करने में भारतीय जनता पार्टी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय महामंत्री उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी के अध्यक्ष हरीश कसाना मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी, वार्ड 10 निगम पार्षद रेखा गोस्वामी व पुष्पेंद्र बंसल ने अपने भाषण में शहीदों के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया। भारत माता की जय, इंकलाब जिंदा के नारों से शहीद भगत सिंह चौक गूंज उठा, नगरवासियों ने शहीदों को याद किया।

इस मौके पर पार्षद रेखा गोस्वामी, भाजपा पश्चिम क्षेत्र के उपाध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी, हरीश कसाना, मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी, अधिवक्ता रामबीर कश्यप, पुष्पेंद्र बंसल, परवीन गोस्वामी, अनिल राणा, राजेश जैन, मास्टर श्यामवीर सिंह, विजय सिंह, मनोज सिंह, विष्णु शर्मा, मंजू लाहा, ममता, सोनिया, नेहा महाराष्ट्रीयन, रेखा माहौर जोगिंद्र चौधरी, यतेंद्र शर्मा, रवींद्र चौधरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सेवा भारती के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** सेवा भारती, वैशाली महानगर, गाजियाबाद का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम रविवार को स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद में आयोजित किया गया। सेवा भारती गरीब तथा वंचित वर्ग के बच्चों के लिए सेवा बस्तियों में कार्य करती है। जब संघ को आने वाली विजय दशमी को 100 साल पूरे होंगें तो सेवा भारती का लक्ष्य प्रत्येक सेवा बस्ती में सेवा के कार्य करने का है। इस कार्यक्रम में सेवा बस्तियों के कमजोर वर्गों के बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन तथा सामाजिक दृष्टि से सुदृढ़ कैसे किया जाये उसका प्रतिक्षण किए गए बच्चे तथा उनके परिजनों के अलावा समाज के प्रबुद्ध तथा प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विद्या भारती के अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष जैन पाल जैन, मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल, धर्मेन्द्र गुप्ता अतिरिक्त महाप्रबंधक भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड तथा महानगर संघचालक माखन लाल मुख्य रूप से रहे। कार्यक्रम का संचालन सेवा भारती के महानगर महामंत्री योगेश कौशिक ने किया तथा सेवा भारती के अध्यक्ष अरुण कुमार सहित समस्त कार्यकारिणी तथा सेवा केंद्रों की बहनें तथा बच्चे मौजूद रहे।

## वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति ने उत्साह से मनाया होली मिलन समारोह







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति गाजियाबाद ने रविवार को लायन्स नेत्र चिकित्सालय के सभागार में होली मिलन समारोह बड़े उत्साह व जोश से मनाया। समारोह की अध्यक्षता डा. जेएल रैना ने की। सदस्यों ने एक दूसरे को चंदन लगाकर होली की शुभकामनाएं व बधाई दीं।

सर्वप्रथम डा0 दिनेश कुमार द्वारा सदस्यों को नाडी परीक्षण कर आवश्यक उपचार का परामर्श दिया गया। तत्पश्चात समारोह का विधिवत शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ संगीत व नृत्य सेंटर की छात्राओं वंदिता अदिति, इपशिता, प्रिशा, श्रेया, वागीशा द्वारा गणेश वन्दना से हुआ। शहर के जाने माने गायक अजित सिंह अतिथि कलाकार निवेदिता, तोमर व समिति के सदस्य हरिपाल सिंह, बी जी शर्मा, डी के शर्मा, तृप्ति सोनकर, आर के गुप्ता, ध्रुवतारा, पुष्पा शर्मा, सरिता गुप्ता, शशि शर्मा आदि ने पुराने फिल्मी गीतों, गजलों, होली गीतों, हास्य परिहास फुलझडियों तथा कविताओं के माध्यम से सदन का खूब मनोरंजन किया व सदन को संगीतमय बना दिया। बाल कलाकार सरगम, अंशिता, रीदम, जियना व जिनिका ने तो अपनी अपनी प्रस्तुति से सभी को आत्मविभोर कर दिया। कार्टे डांस व संगीत केंद्र की छात्राओं श्रुति, अनुष्का, यशस्वी, अनीशा, वैभव, शिवांगी, पूर्वी, कावेरी के राधाकृष्ण होली नृत्य व मोबाइल बुरी बला तथा रीदम कत्थक क्लासिस नोएडा की छात्राओं काजल, परिधि, धारा, ईशा, आरोही, मिहिका, मिशिका, विदुशी, नियति, शिरीया, आदिया, प्रिशा, आथीरा, रिधीका, कियाना, वान्या, महीका, रिधी, मीषा, आनाहिता, आहना के महाभारत पर, योद्धा बन गई। बुमन इमपावरमेनट व होली नृत्य को दर्शकों ने खूब सराहा और सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। डाक्टर रैना ने बताया कि समिति सेवाकार्यों के अलावा सदस्यों के मनोरंजन के लिये भी इस प्रकार के सुन्दर कार्यक्रम समय समय पर आयोजित करती रहती हैं। उन्होने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी उपस्थिति सदस्यों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संयोजन व संचालन रंजनाभार्गव व मंच आलंकरण वी पी रस्तोगी ने किया।

इस अवसर पर काफी संख्या में सदस्य, उनके स्पाउस व मेहमान उपस्थिति रहें आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से वी के शर्मा एलडी शर्मा, वीके भार्गव, रमेश अरोरा, राजश्री रैना, मिथलेश बंसल, सरिता गुप्ता रेखा रस्तोगी, एम बी भारद्वाज, ए के गुप्ता, बी दयाल, आर एन सक्सेना आदि का विशेष सहयोग रहा। राष्ट्रगान के बाद डा. रैना व श्रीमति रैना द्वारा प्रायोजित स्वादिष्ट भोजन के पश्चात कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## जाट समाज ने शहीद दिवस के मौके पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहीद दिवस के मौके पर जिला जाट समाज गाजियाबाद के अध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने जिला जाट समाज के आरडीसी राजनगर स्थित कार्यालय पर पदाधिकारियों व समिति सदस्यों के साथ देश के अमर शहीदों शेरे ए हिंद भगत सिंह, शहीद राजगुरु और शहीद सुखदेव के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।
इस अवसर पर जिला जाट समाज के अध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने कहा कि शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की भारत की आजादी में अहम भूमिका रही। इस मौके पर राजकुमार चौधरी, अरुण चौधरी भुल्लन, चौधरी तेजपाल सिंह, रविंद्र चौधरी, अजय पाल प्रमुख, देवव्रत चौधरी, धर्मेन्द्र चौधरी, विजय चौधरी, नरेंद्र चौधरी, प्रदीप चौधरी, डॉक्टर मोना चौधरी सिनसिनवाल, देवेंद्र मलिक, सनी चौधरी, रामकुमार चौधरी, रविंदर चौधरी, संजय चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### 23 से 29 मार्च तक श्रीमद्भागवत सप्ताह आयोजित



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** चंदर नगर गजियाबाद में 23 से 29 मार्च तक श्रीमद्भागवत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। 23 मार्च को कलश यात्रा निकाली गई। आचार्य श्याम कर्ण शास्त्री के श्रीमुख से श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया जाएगा। अंजना देवी पत्नी स्व: सुरेश चंद गर्ग और पुत्र बजरंग गर्ग और नवीन गर्ग ने यह आयोजन करवाया है।

## स्वयंसेवी संस्था स्पर्श सोसाइटी ने किया पुस्तक मेले का आयोजन





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** स्वयंसेवी संस्था स्पर्श सोसाइटी द्वारा एक पुस्तक मेले का आयोजन रविवार को सेक्टर 4 मार्केट वैशाली में किया गया जिसमें सभी प्रकार की पुस्तकों का आदान-प्रदान निशुल्क रूप से किया गया। अपने इस्तेमाल के बाद बची हुई किताबें स्कूली छात्रों और लोगों ने दूसरे लोगों के पढ़ने के लिए मेले में दान में दी और अपनी पसंद की किताबें चुनकर पढ़ने के लिए निशुल्क अपने साथ ले गए।

स्पर्श सोसाइटी के सदस्य डॉ. सचिन भार्गव ने बताया कि पिछले 3 सालों से शुरू की गई इस मुहिम के जरिए पुरानी किताबों के आदान-प्रदान के लिए एक उचित माध्यम तैयार किया गया है जिससे अधिक से अधिक लोग अच्छी किताबें को निशुल्क प्राप्त कर सके और उसका फायदा उठा सके। संस्था द्वारा समय-समय पर ऐसे विभिन्न पुस्तक मेलों का आयोजन ट्रांस हिंडन एरिया के अलग-अलग क्षेत्रो में किया जा रहा है जिसमें कोई भी भाग ले सकता है। मेले में 500 से अधिक लोगो ने कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक की लगभग 4000 पुस्तकों का निशुल्क आदान-प्रदान किया गया। मेले में विवेक भार्गव, राखी सिंह, आकृति, आशीष मिश्रा, सानिध्य राज ने सहयोग दिया।

## जल है तो कल है : अमर पार्क के ए ब्लॉक में डाली जाएगी गंगा वाटर लाइन



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** अमर पार्क सी ब्लॉक सूर्य नगर के साथ अब अमर पार्क के ए ब्लॉक के हिस्से में भी डाली जाएगी गंगा वाटर की लाइन। आज आरडब्ल्यूए अमर पार्क सूर्यनगर में आयोजित एक बैठक में पार्षद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि अमर पार्क के सी ब्लॉक सूर्यनगर के साथ अमर पार्क के ए ब्लॉक के हिस्से में भी गंगा वाटर की नई लाइन डाली जाएगी।

हालांकि 15 वित्त आयोग की निधि से यह टेंडर केवल सी ब्लॉक और बी ब्लॉक सूर्यनगर का था। ए ब्लॉक के निवासियों में खुशी की लहर थी। उपस्थित जनसमूह ने पार्षद का धन्यवाद किया। बैठक में अमर भारत क्षेत्र के गणमान्य अश्वनी मेहता, शंकर कपूर, अंजुला अग्रवाल, रचना जैन, शुभ्रा सक्सेना, अतुल जैन, नेहा जैन, अनिल बहल, विनीता, सतीश शर्मा, अनीश खुल्लर, शुभम, ऋषभ जैन, हर्ष खुराना, पीयूष वर्मा, आरएस चौधरी, सचिन मेहरा, विकास, अनिल खन्ना, जेपी सैनी, ए पी सरीन, राजेश खन्ना, प्रशांत, नितिन शर्मा, अंशुमन दीक्षित, एस के त्यागी आदि लोग उपस्थित रहे।

## 'एक आशा-एक विश्वास' शिविर आयोजित






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चौधरी भवन कवि नगर गाज़ियाबाद के प्रांगण में रविवार को 'एक आशा, एक विश्वास' शिविरका आयोजन किया गया है। यह शिविर पिछले आठ सालों से सावित्री देवी शेर सिंह चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट व मुख्य रूप से डा. अनिल शर्मा, डा. विपुल गोयल, डा. शरद कु. टॉक, डा. रैना सचान, डा. दीपांकर, डा. रितु सचदेवा, डा. अरुण अरोरा व डा. सिद्धांत शर्मा व अन्य वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सकों के अथक प्रयास से लगाया जाता है। आज इस कार्यक्रम का यह 36वां कैम्प है। यह कैम्प त्रैमासिक होता है।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जन्म से अनुविकसित (शारीरिक व मानसिक) बच्चों को होम्योपैथिक विधि के द्वारा चिकित्सा सेवाएं देकर इन बच्चों को बेहतर जीवनयापन के लिए उपचार करना है। आज तक उत्तर प्रदेश व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं अन्य राज्यों के बहुत दिव्यांजन इस शिविर से लाभ उठा चुके हैं। इस शिविर से लाभान्वित दिव्यान्जानों के माता-पिता के अनुसार यह शिविर बच्चों के लिए 'एक आशा की किरण' की भांति आशीर्वाद है।

### 22 जून 2025 को आयोजित होगा अगला शिविर

इसी क्रम में रविवार को यह शिविर प्रातःकाल दीप प्रज्वलित कर व प्रार्थना के साथ आरम्भ हुआ। शिविर में डा. अनिल शर्मा, डा. विपुल गोयल, डा. शरद कु. टॉक, डा. रैना सचान, डा. सोनिया शर्मा, डा. सिद्धांत शर्मा, डा. दीपांकर, डा. रितु सचदेवा, डा. अरुण अरोरा, व अन्य चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। शिविर में 55 नए दिव्यांगजन व 110 पुराने दिव्यांगजन रोगी उपचारित किए गए। अगला शिविर 22 जून 2025 को आयोजित किया जाएगा।

शिविर में डॉ. प्रतिभा पाठक प्रो. बक्सन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज नोएडा, डॉ. हिमानी गुप्ता, डॉ. राहुल, डॉ. वृष्टि व इनकी टीम के अन्य स्नातकोत्तर चिकित्सकों व स्नातक छात्र व केजीके होम्योपैथिक मेडिक कॉलेज के स्नातक छात्रों ने भी शिविर में सेवाएं दीं।

## लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने शहीदी दिवस पर 'सामाजिक क्रान्ति दिवस' का किया आयोजन





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट द्वारा रविवार को ज्ञानपीठ केन्द्र 1, स्वरुप पार्क जी० टी० रोड साहिबाबाद के प्रांगण में संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष राम दुलार यादव शिक्षाविद के नेतृत्व में डा. राम मनोहर लोहिया की जयंती और शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव का बलिदान 'सामाजिक क्रान्ति दिवस' के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैलाश चन्द्र शिक्षाविद रहे, अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट ने किया। संचालन श्रमिक नेता अनिल मिश्र ने, आयोजन इंजी० धीरेन्द्र यादव ने किया। हुकुम सिंह, राजेन्द्र सिंह, आशीष पाठक 'अमृत', पंडित विनोद त्रिपाठी ने देश प्रेम के गीत और भजन सुना सभी कार्यक्रम में शामिल साथियों को आत्मविभोर कर दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी विचारक राम दुलार यादव शिक्षाविद ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी डा0 राम मनोहर लोहिया ने पूरा जीवन भारत को आजाद कराने में तथा समाजवादी समाज बनाने में अपार कष्ट झेलते हुए लगा दिया, वह सामाजिक न्याय के पुरोधा रहे। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महापुरुष की जयंती हम इसलिए मनाते हैं कि हम उनके बताये गये देश और मानव कल्याण के मार्ग का अनुशरण करें, तभी उन भारत माँ के अमर सपूतों के विचार के प्रति न्याय कर पाएंगे।

कार्यक्रम में शामिल रहे राम दुलार यादव, कैलाश चन्द्र, वीरेन्द्र यादव एडवोकेट, डा० देवकर्ण चौहान, इंर्ज धीरेन्द्र यादव, राजपाल यादव, एस० एन० जायसवाल, एस० एन० अवस्थी, हुकुम सिंह, ओम प्रकाश अरोड़ा, सम्राट सिं अनिल मिश्र, विनोद त्रिपाठी, आशीष पाठक अमृत, रवि चौहान, मुनीव यादव, ब्रह्म प्रकाश, श्रीनम, चिंतामणि यादव, शि शंकर, अमर बहादुर, सुभाष यादव, हरिकृष्ण, विकास कुमार, रोहित यादव आदि।

# संघर्ष में अबतक मारे गए 50000 फलस्तीनी

## गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए ताजा आकड़े

**गाजा ।** इस्राइल और हमास के बीच चल रहा संघर्ष दिन-प्रतिदिन और तनावपूर्ण होता हुआ जा रहा है। इसी बीच गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस युद्ध में जान गवाने वाले फलस्तीनी लोगों की संख्या को लेकर रविवार को ताजा आकड़े जारी किए है।

### आकड़े में ताजा हमले में हुए मौतों का भी जिक्र

मंत्रालय द्वारा जारी आकड़े में ये भी बताया कि पिछले सप्ताह इस्राइल के हवाई हमलों के बाद से 673 और लोग मारे गए हैं।

इसके साथ ही गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह भी बताया कि इन आंकड़ों में नागरिकों और लड़ाकों के बीच कोई अंतर नहीं किया गया है, यानी यह आंकड़े दोनों के लिए मिलाकर दिए गए हैं। इस हिंसा ने गाजा में बहुत बड़ी तबाही मचाई है और वहां के लोग भारी नुकसान का सामना कर रहे हैं।



**गाजा में एक बार फिर पहुंची इस्राइली सेना :** इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता टूटने के बाद एक बार फिर से इस्राइली सैनिकों की गाजा में वापसी हो गई। बीते बुधवार को इस्राइली सैनिकों ने एक बार फिर से गाजा को उत्तरी और दक्षिणी इलाकों में बांटने वाले नेतजारिम कॉरिडोर पर कब्जा कर लिया। पहले चरण के युद्धविराम समझौते के बाद इस्राइली सैनिकों ने इस कॉरिडोर को खाली कर दिया था। साथ ही इस्राइली रक्षा मंत्री ने धमकी दी थी कि जब तक हमास बाकी बचे बंधकों को नहीं छोड़ता तब तक हमले जारी रहेंगे।

**गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इस्राइल-हमास युद्ध में अब तक 50,000 से अधिक फलस्तीनी लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके अलावा, 113,000 से अधिक लोग इस युद्ध में घायल हुए हैं**

### इस्राइली हवाई हमले ने मचा दिया तबाही

इस्राइल और हमास के बीच दूसरे चरण के युद्धविराम की बातचीत पटरी से उतर गई। गाजा में प्रवेश से पहले बीते मंगलवार को ही इस्राइल ने गाजा पर भीषण हवाई हमला किया, जिसमें 400 से ज्यादा फलस्तीनी लोग मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मरने वालों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। साथ ही इस्राइल ने गाजा में बड़ी संख्या में सैनिक भेज दिए हैं, जिससे एक बार फिर गाजा में लड़ाई शुरू होने का खतरा पैदा हो गया है।

# पाकिस्तान में एमपॉक्स का दूसरा मामला मिला, संपर्क में आए लोगों की हो रही जांच

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में एमपॉक्स के दूसरे मामले की पुष्टि हुई है। कराची का रहने वाला 29 साल का एक व्यक्ति एमपॉक्स वायरस से संक्रमित पाया गया है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, संक्रमित व्यक्ति कराची के मालिर जिले के शाह लतीफ इलाके का रहने वाला है। फिलहाल उसका जिन्ना पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सेंटर में इलाज चल रहा है। मरीज दो दिन पहले अस्पताल आया था, उसे त्वचा पर संक्रमण की शिकायत हुई थी। संपर्क में आए लोगों की स्क्रीनिंग की जा रही एमपॉक्स संक्रमित मरीज का इलाज कर रहे डॉक्टरों का कहना है कि मरीज की हालत स्थिर है और उसे आइसोलेशन वार्ड में रखा गया है ताकि संक्रमण अन्य मरीजों में न फैल पाए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, संक्रमित मरीज की पत्नी हाल ही में सऊदी अरब से लौटी है और उसे भी इसी तरह का त्वचा संक्रमण हुआ था, लेकिन कुछ दिन बाद उसका संक्रमण ठीक हो गया।



जिस मरीज में एमपॉक्स की पुष्टि हुई है, वह हेपेटाइटिस सी पॉजिटिव भी है। अधिकारी अब इस बात की जांच कर रहे हैं कि संक्रमित मरीज किन-किन लोगों के संपर्क में आया और उनकी स्क्रीनिंग की जा रही है। संक्रमण हो जाए तो क्या करें साल 2023 में पाकिस्तान में एमपॉक्स के आठ मामले मिले थे अधिकारियों ने लोगों से सावधान रहने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में इस साल एमपॉक्स का यह दूसरा मामला मिला है। साथ ही कराची में मिला मरीज सिंध का पहला एमपॉक्स का मामला है। इस साल पेशावर का रहने वाला एक व्यक्ति एमपॉक्स से संक्रमित पाया जा चुका है। वह भी मध्य पूर्व के देशों से लौटा था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 14 अगस्त 2024 को एमपॉक्स को अंतरराष्ट्रीय चिंता का विषय बताया था। एमपॉक्स वायरस का संक्रमण दो कैटेगरी का है, जिनमें से एक क्लैड 1 और दूसरा क्लैड 2 टाइप है। क्लैड 1 बेहद खतरनाक है। गनीमत है कि अभी क्लैड 2 टाइप का संक्रमण ही मरीजों में पाया गया।

# तालिबान ने अमेरिकी नागरिक को किया रिहा, तो अमेरिका ने सिराजुद्दीन हक्कानी पर से हटाया इनाम

**वॉशिंगटन ।** तालिबान ने गुरुवार को एक अमेरिकी नागरिक को रिहा किया। इसके बाद अमेरिका ने तालिबान के प्रमुख नेता सिराजुद्दीन हक्कानी से 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर का इनाम हटा लिया है। अफगान के आंतरिक मामलों के प्रवक्ता ने कहा कि हक्कानी की गिरफ्तारी की सूचना देने पर इनाम रखा गया था। हालांकि एफबीआई की वेबसाइट पर हक्कानी का नाम इनाम वाले आतंकियों की सूची में शामिल है।



तालिबान ने दो साल से कैद में रह रहे अमेरिकी नागरिक को गुरुवार को रिहा किया था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बताया कि तालिबान ने दो साल से गलत तरीके से हिरासत में जॉर्ज ग्लेजमैन को रिहा कर दिया। ग्लेजमैन जब अफगानिस्तान गए थे तो उनका तालिबान ने अपहरण कर लिया था। इसके बाद ट्रंप के विशेष दूत एडम बोहल, तालिबान और कतर अधिकारियों के बीच बातचीत हुई। इसके बाद अमेरिकी नागरिक को रिहा कर दिया गया।

रूबियो ने एक्स पर लिखा कि जॉर्ज ग्लेजमैन मुक्त हो गए। उनको अफगानिस्तान में ढाई साल तक गलत तरीके से हिरासत में रखा गया। अब वह अपनी पत्नी एलेक्जेंड्रा से मिलने जा रहा है। जॉर्ज घर में आपका स्वागत है। वहीं तालिबान ने अमेरिकी बंदी की रिहाई को वैश्विक सामान्यीकरण प्रयास का हिस्सा बताया।

ये भी पढ़ें: इस्तांबुल मेयर इमामोग्लू को गिरफ्तारी के बाद जेल भेजा, तुर्किये में एक दशक के सबसे बड़े विरोध प्रदर्शन कौन है सिराजुद्दीन हक्कानी सिराजुद्दीन हक्कानी का नाता पाकिस्तान के नॉर्थ वजीरिस्तान इलाके से है।

उसके आतंकी संगठन अलकायदा से भी करीबी संबंध रहे हैं। हक्कानी ने पाकिस्तान में बैठे-बैठे ही अफगानिस्तान में कई आतंकी हमले कराए थे। इनमें अमेरिका और नाटो सेनाओं को निशाना बनाया गया था। इसके अलावा 2008 में हामिद करजई की हत्या की साजिश रचने के मामले में भी सिराजुद्दीन हक्कानी शामिल रहा है। सिराजुद्दीन के आतंकी संगठन को हक्कानी नेटवर्क के नाम से भी जाना जाता है। काबुल के एक होटल में 2008 में हुए आतंकी हमले में सिराजुद्दीन हक्कानी वॉन्टेड रहा है। इस हमले में एक अमेरिकी नागरिक समेत छह लोगों की मौत हो गई थी।

## पोप को आज अस्पताल से मिल जाएगी छुट्टी

**रोम ।** पोप फ्रांसिस को रविवार को अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। उन्होंने 38 दिनों तक दोनों फेफड़ों में निमोनिया जैसी गंभीर बीमारी से लड़ाई लड़ी। जेमेली अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. सर्जियो अल्फीरी ने शनिवार को बताया कि फ्रांसिस को



वेटिकन में ठीक होने के लिए कम से कम दो महीने आराम और पुनर्वास की जरूरत होगी। फ्रांसिस को ब्रोंकाइटिस की समस्या बढ़ने के बाद 14 फरवरी को जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसके बाद उन्हें निमोनिया हो गया। पोप ने डबल निमोनिया के खिलाफ अच्छी प्रगति की डॉक्टरों ने बताया कि अब उनकी हालत स्थिर है और उन्होंने डबल निमोनिया के खिलाफ अच्छी प्रगति की है।

# बलूच प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी करने का आरोप, बलूचिस्तान में चार पुलिसकर्मी और मजदूरों की हत्या

**क्वेटा ।** बलूच मानवाधिकार समूह ने पाकिस्तानी पुलिस और सुरक्षा कर्मियों पर लासबेला में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाने और आंसू गैस के गोले दागने का आरोप लगाया। उधर बलूचिस्तान के अज्ञात हथियारबंद लोगों ने चार पुलिसकर्मियों और चार मजदूरों की हत्या कर दी। बलूच मानवाधिकार समूह बलूच यकजेहती समिति ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि बीवाईसी लासबेला धरना पर कार्रवाई। आंसू गैस, गोलीबारी और गिरफ्तारियां- बलूच यकजेहती समिति के केंद्रीय आह्वान के जवाब में बीवाईसी लासबेला क्षेत्र ने हब बवानी में धरना दिया। आज सुबह पुलिस और सुरक्षा कर्मियों ने विरोध शिविर पर कार्रवाई शुरू की, जहां लापता व्यक्तियों के परिवार और बीवाईसी कार्यकर्ता शांतिपूर्वक एकत्र हुए थे। उन्होंने तंबू को उखाड़ दिया, आंसू गैस छोड़ी और गोलीबारी की। इसके बावजूद प्रतिभागी शांतिपूर्ण रहे। एक प्रदर्शनकारी को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले पाकिस्तान में मानवाधिकार कार्यकर्ता महरंग बलोच को क्वेटा पुलिस-प्रशासन ने शनिवार को उस वक्त गिरफ्तार कर लिया जब वह अपने समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन में हिस्सा ले रही थीं। चार पुलिसकर्मियों और मजदूरों की मौत वहीं अशांत बलूचिस्तान में दो अलग-अलग घटनाओं में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने चार पुलिसकर्मियों और चार मजदूरों की हत्या कर दी है।



# संसद में पहुंचने के लिए तैयार पीएम कार्नी

**टोरंटो ।** कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पहली बार संसद में पहुंचने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। शनिवार को लिबरल पार्टी ने एलान किया कि कार्नी ओटावा क्षेत्र के एक जिले से चुनाव लड़ेंगे। कनाडा में 28 अप्रैल को मतदान होना है। इस बार कनाडा चुनाव में व्यापार युद्ध और डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा को अपना राज्य बनाने के मुद्दे अहम होंगे। लिबरल पार्टी ने कहा कि कार्नी ओटावा के उपनगरीय क्षेत्र नेपियन से चुनाव लड़ेंगे। कार्नी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ओटावा में उन्होंने अपने परिवार का पालन-पोषण किया और अपना करियर सार्वजनिक सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने पहले कनाडा के केंद्रीय बैंक के प्रमुख और उससे पहले इसके डिप्टी के रूप में कार्य किया। कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में 343 सीटों के लिए चुनाव अभियान 37 दिनों तक चलेगा। कार्नी ने 14 मार्च को कहा था कि संकट के समय में सरकार को एक मजबूत और स्पष्ट जनादेश की आवश्यकता है। सीबीसी के पोल ट्रैकर के अनुसार, आम चुनाव में वर्तमान पीएम मार्क कार्नी दोबारा सत्ता में लौट सकते हैं। उनके नेतृत्व वाली लिबरल पार्टी 37.7 प्रतिशत के साथ आगे चल रही है, जबकि कंजर्वेटिव 37.4 फीसदी समर्थन के साथ उनसे पीछे हैं।




# सरकार के खिलाफ मुकदमे करने वाले वकीलों पर होगी कार्रवाई, ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल को दिया समीक्षा का आदेश

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने प्रशासन के खिलाफ मुकदमे दायर करने वाले और आव्रजन पहल को रोकने वाले वकीलों और कानूनी फर्मों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर ली है। ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को ऐसे वकीलों और कानूनी फर्मों की समीक्षा करने का आदेश दिया है।

बताया जाता है कि ट्रंप ने एक आदेश में उनका विरोध करने वाले वकीलों के खिलाफ शिकायतों पर विचार किया। साथ ही ऐसे वकीलों और फर्मों की सुरक्षा मंजूरी और सरकारी अनुबंधों को रद्द करने की तैयारी की है। इसके बाद कानून और न्याय विभाग पर ट्रंप का शिकंजा कसता जा रहा है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को पिछले आठ साल में सरकार के खिलाफ मुकदमेबाजी शामिल रहे वकीलों और कानूनी फर्मों की समीक्षा करने के आदेश दिए गए हैं। इसमें ऐसे वकीलों और फर्मों की ओर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा गया है कि जिन्होंने आव्रजन के खिलाफ कदम उठाए हों। क्योंकि ट्रंप प्रशासन का मानना है कि उन्होंने अनुचित तरीके से काम किया है।

व्हाइट हाउस ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि हम जो कुछ भी करते हैं, हम अमेरिका में कानून, व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा बहाल कर रहे हैं। हम एफबीआई, न्याय विभाग और पूरी सरकार के सर्वोच्च स्तर पर सम्मान, निष्ठा और जवाबदेही वापस ला रहे हैं।

# न्यूयॉर्क में मां ने रेत दिया 11 साल के बेटे का गला डिज्नीलैंड में छुट्टियां मनाकर लौटा था मासूम

**न्यूयॉर्क :** न्यूयॉर्क में भारतीय मूल की एक महिला पर अपने 11 साल के बेटे की हत्या का आरोप लगा है। पुलिस के मुताबिक महिला ने बेटे के तीन दिन डिज्नीलैंड में छुट्टियां बिताने के बाद उसकी हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि 48 वर्षीय सरिता रामाराजू पर अपने बेटे का गला रेतने के एक गंभीर अपराध का आरोप लगाया गया है। कैलिफोर्निया के ऑरेंज काउंटी के जिला अटॉर्नी कार्यालय ने कहा कि अगर महिला दोषी पाई जाती है तो उसे अधिकतम 26 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। पुलिस ने बताया कि सरिता रामाराजू ने 2018 में लड़के के पिता को तलाक दे दिया था। इसके बाद वह कैलिफोर्निया छोड़कर फेयरफैक्स वर्जीनिया में रहने लगी। वह अपने बेटे की कस्टडी के लिए पति के खिलाफ मुकदमा लड़ रही थी। उसको पिछले दिनों बेटे से मिलने के लिए कस्टडी मिली तो वह सांता एना के एक मोटल में रह रही थी।




19 मार्च को रामाराजू को मोटल से चेक आउट करना था और लड़के को उसके पिता को वापस करना था। महिला ने सुबह 9.12 बजे 911 पर कॉल करके बताया कि उसने अपने बेटे को मार दिया है और खुद को मारने के लिए गोलियां खा ली ।

# आर-पार के मूड में नेतन्याहू, खान यूनिस में इस्राइल का बड़ा हमला

**गाजा ।** दक्षिणी गाजा पट्टी में इस्राइली हमलों में रविवार रात तक कम से कम 19 फलस्तीनी मारे गए। मरने वालों में हमास का वरिष्ठ राजनीतिक नेता भी शामिल है। इस बीच यमन में ईरान समर्थित विद्रोहियों ने हमास के साथ गठबंधन करते हुए इस्राइल पर एक और मिसाइल दागी, जिससे हवाई हमले के सायरन बजने लगे। इस्राइली सेना ने कहा कि हमले को रोक दिया गया और किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

दक्षिणी गाजा में यूरोपीय और कुवैती अस्पतालों ने कहा कि उन्हें रात भर के हमलों में 17 शव मिले हैं, जिनमें कई महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हमास ने बताया कि उसके राजनीतिक ब्यूरो और फलस्तीनी संसद के सदस्य सलाह बर्दाविल दक्षिणी शहर खान यूनिस के पास एक हमले में मारे गए। हमले में उनकी पत्नी भी मारी गईं। बर्दाविल समूह की राजनीतिक शाखा के एक जानेमाने सदस्य थे। दरअसल, संघर्ष विराम की अवधि समाप्त होने के बाद, इस्राइल ने मंगलवार से गाजा में फिर से लड़ाई शुरू कर दी है। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, युद्ध में सैकड़ों लोग मारे गए हैं।



नए अभियान का उद्देश्य शेष बंधकों को छोड़ने के लिए मजबूर करना: नेतन्याहू इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बार-बार कहा है कि उनका उद्देश्य हमास को खत्म करना है। उन्होंने कहा है कि नए अभियान का उद्देश्य हमास को शेष बंधकों को छोड़ने के लिए मजबूर करना है। मंगलवार के इस्राइली हवाई हमले में हमास के ये नेता भी मारे गए मंगलवार को इस्राइली हवाई हमलों में मारे गए लोगों में हमास के वास्तविक सरकार प्रमुख एसाम अदलीस और आंतरिक सुरक्षा प्रमुख महमूद अबू वत्फा भी शामिल थे। इसके अलावा, कई अन्य अधिकारी भी इस्राइली हवाई हमले में मारे गए। हमास के सैन्य खुफिया प्रमुख ओसामा तबाश को मार गिराया: इस्राइली सेना इस्राइली सेना ने शुक्रवार को दक्षिणी गाजा में हमास के सैन्य खुफिया प्रमुख को भी मार गिराने की जानकारी दी। एक बयान में, इस्राइली सेना ने हमास नेता की पहचान ओसामा तबाश के रूप में की। सेना ने कहा कि वह आतंकवादी समूह की निगरानी और लक्ष्यीकरण इकाई का प्रमुख भी था। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को इस्राइली हवाई हमलों में कम से कम 400 लोग मारे गए। जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल थे।

## हसीना के खिलाफ फिर उठे विरोध के स्वर

**ढाका ।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ एक बार फिर विरोध के स्वर उठ रहे हैं। छात्र नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) ने शनिवार को अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। एनसीपी ने दावा किया कि पार्टी ने बांग्लादेश में 'फासीवाद की स्थापना' की है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस की रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल सिटिजन पार्टी ने शाहबाग में एक विरोध रैली की। एनसीपी के सदस्य सचिव अख्तर हुसैन ने विरोध रैली को संबोधित किया। उन्होंने अधिकारियों से अवामी लीग का राजनीतिक दल के रूप में पंजीकरण रद्द करने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया। अवामी लीग को फिर से बसने की अनुमति नहीं दी जाएगी अख्तर हुसैन ने कहा कि हजारों लोगों ने जान और खून की कीमत पर अवामी लीग को हराया।



# बांग्लादेश की सेना ने एनसीपी के आरोपों को किया खारिज, कहा- ये सब झूठ और बेबुनियाद बातें हैं

**ढाका ।** बांग्लादेश की सेना ने रविवार को नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज किया। साथ ही इन आरोपों को हास्यास्पद और बेबुनियादी बातें करार दिया। बता दें कि एनसीपी द्वारा लगाए गए आरोप में कहा गया था कि सेना अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को फिर से स्थापित करने की साजिश रच रही है।

एनसीपी ने शनिवार को ढाका विश्वविद्यालय परिसर में विरोध रैलियां आयोजित कीं और सेना पर अवामी लीग को पुनर्वासित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

पार्टी के नेता हसनत अब्दुल्ला ने कहा कि सेना की यह कोशिश सैन्य समर्थित साजिश है और इसे किसी भी कीमत पर विफल किया जाएगा। एनसीपी के आरोपों पर सेना का जवाब एनसीपी के आरोप के बाद बांग्लादेशी सेना ने एक बयान जारी कर इसका जवाब दिया। जारी बयान में कहा गया कि 11 मार्च को सेना प्रमुख जनरल वेकर उज जमान ने एनसीपी के दो नेताओं से शिष्टाचार मुलाकात की, लेकिन यह किसी भी राजनीतिक उद्देश्य के लिए नहीं था। बयान में कहा गया कि सेना के नेतृत्व का मुख्य उद्देश्य केवल शिष्टाचार था, न कि किसी साजिश का हिस्सा।



देखा जाए तो इस पकार की बयानबाजी ऐसे समय में हो रही है, जब बांग्लादेश में तनाव बढ़ा हुआ है। साथ ही एनसीपी ने सेना पर राजनीतिक हस्तक्षेप का आरोप लगाया है। एनसीपी के नेताओं का कहना है कि सेना को राजनीति में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है।

### बांग्लादेश में तनाव पूर्ण स्थिति

गौरतलब है कि यह स्थिति उस समय की है जब शेख हसीना पिछले साल भारत में रह रही हैं, और उनकी पार्टी के कई नेता या तो गिरफ्तार हो चुके हैं या वे विदेश में भाग गए हैं। इस स्थिति में बांग्लादेश में आम चुनाव भी भी होने है। इस चुनाव में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग भी चुनाव लड़ने की तैयारी में है। इसके चलते अभी भी राजनीतिक स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, और कई लोग इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी आपत्तियां भी जाहिर कर रहे हैं।

# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग व शहर विधायक संजीव शर्मा ने किया पंछी कुल्फी का उद्घाटन




गाजियाबाद करंट क्राइम। सुप्रसिद्ध कुल्फी प्रतिष्ठान पंछी कुल्फी का नया प्रतिष्ठान अब आरडीसी में भी खुल गया है। रविवार को आरडीसी में हिंट हाऊस के पास पंछी कुल्फी का उद्घाटन धूम-धाम से हुआ। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग तथा शहर विधायक संजीव शर्मा ने पंछी कुल्फी के आरडीसी स्थित नए प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। शुभारंभ के अवसर पर पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल सहित कई पुलिस व प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद थे। प्रतिष्ठान के मालिक सुशील कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पप्पू पहलवान के नेतृत्व में शालीमार गार्डन में निकली 100 फीट ऊंची तिरंगा रैली





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** समाधान शक्ति समाजिक संस्था एवं शहीद स्थल समिति के द्वारा भाजपा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में शहीद दिवस के अवसर पर शहीद स्थल वार्ड 78 शालीमार गार्डन मे भव्य विशाल 100 फिट तिरंगा रैली निकाली गई जिसमे लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाए । पूरा शालीमार गार्डन भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा । सेंट एंड्रूज स्कूल के बच्चे द्वारा शहीद भगत सिंह राजगुरु सुखेदव भारत माता बन के रैली में भाग लिया।

भाजपा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने बताया 23 मार्च को शहीद दिवस मनाया जाता है। भारत का स्वतंत्रता संग्राम केवल एक राजनीतिक संघर्ष नहीं था बल्कि ये लाखों क्रांतिकारियों के बलिदान, त्याग और साहस की अमर गाथा भी है ।

इस अवसर पर पार्षद राहुल शर्मा, डी एन कौल, प्रतीक माथुर, लेखराज छाबड़ी, संजय रावत, पार्षद रामनिवास बंसल, पार्षद गोपाल शिशोदिया, प्रवीण भाटी, श्याम शर्मा, अरविंद राणा, अमित कल्याणी, जितेंद्र कुमार, सुबोध भड़ाना, मनोज शर्मा, संजय प्रजापति, प्रेम त्यागी, गोपाल गौतम, सुरेन्द्र प्रजापति, नीरज गुप्ता, राणा किरणपाल, मावी शिवम, चौधरी सोनू शर्मा, मोहित पाल, सुनील शर्मा, राकेश तोमर, शत्रुघ्न लाल, शैलेंद्र सक्सेना, सौरभ सक्सेना, सुशील भसीन, अकील मनोज मिश्रा, रॉबिन भड़ाना, चेतन विज गोपाल मित्तल, हरीश गौड़, धीरज शर्मा, अनुज राघव, पिंटू योगराज शर्मा, नीरज गुप्ता, भूपेंद्र गोस्वामी, केशव सक्सेना, संजीव गुप्ता, राजीव गुप्ता, सुबोध भड़ाना, सुनील शर्मा, अनीता राणा, निशा चौहान, सुमन सती, प्रियंका सोलंकी, सीमा सिंह, मुनेश कसाना आदि गणमान्य कार्यकर्ता निवासी उपस्थित रहे।

# जीडीए अधिकारियों ने औचक निरीक्षण कर मौके पर ही कराये अनाधिकृत निर्माण सील



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अपर सचिव और प्रवर्तन जोन-4 प्रभारी ने नेहरू नगर एवं अशोक नगर क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नेहरू नगर सेकंड ए-55 पर स्वीकृत मानचित्र के विपरीत एक आवासीय भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण पाया। इस अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही जोन-4 के स्टाफ को बुलाकर उक्त निर्माण को सील बंद करा दिया गया। इसके अतिरिक्त, अशोक नगर के भूखण्ड संख्या ए-5, ए-6, ए-8 और ए-9 पर भी स्वीकृत मानचित्र के विपरीत स्वीकृति से अधिक निर्माण कार्य किया जा रहा था।

इन सभी अनियमित निर्माण कार्यों को प्राधिकरण के स्टाफ के सहयोग से तुरंत प्रभाव से सील बंद कर दिया गया। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि मानचित्र के विपरीत किए जा रहे अवैध निमार्णों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। जनसाधारण से अनुरोध किया जाता है कि स्वीकृत मानचित्र के अनुसार ही निर्माण कार्य करें अन्यथा अनियमित निर्माण पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जीडीए ने बढ़ाई नीलामी की तिथि

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद द्वारा विभिन्न योजनाओं में रिक्त संपत्तियों को नीलामी के माध्यम से विक्रय किए जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। यह प्रक्रिया दिनांक 07 मार्च 2025 से दिनांक 22 मार्च 2025 तक एचडीएफसी बैंक के माध्यम से आवेदन प्राप्त कर जमा कराने एवं दिनांक 25 मार्च 2025 को हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में नीलामी के माध्यम से संपन्न की जानी थी। चूँकि दिनांक 22 मार्च 2025 को बैंकों में अवकाश होने के कारण, प्राधिकरण द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 26 मार्च 2025 कर दिया गया है। इसके अनुसार, नीलामी की प्रक्रिया दिनांक 28 मार्च 2025 को हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में ही आयोजित की जाएगी। अन्य नियम एवं शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

# हिंडन एयरपोर्ट से जम्मू के लिए फ्लाइट शुरू

**साहिबाबाद करंट क्राइम।** दिल्ली-एनसीआर से वैष्णो देवी जाने वाले यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। दरअसल, गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरपोर्ट से जम्मू के लिए फ्लाइट सेवाएं रविवार से शुरू हो गई है। हिंडन से जम्मू के लिए सुबह 9.30 बजे पहली फ्लाइट ने उड़ान भरी। रविवार को हिंडन से सुबह साढ़े नौ बजे जम्मू के लिए एअर इंडिया एक्सप्रेस की पहली उड़ान सेवा हुई शुरू। जबकि जम्मू से हिंडन की फ्लाइट दोपहर एक बजे की थी जिसने जो हिंडन पर दोपहर 2:30 बजे पहुंचाया। इसके बाद 30 मार्च को भुवनेश्वर के लिए उड़ान शुरू होगी। इसको लेकर बुकिंग भी शुरू हो चुकी है।

## 177 यात्रियों ने हिंडन से चेन्नई के लिए भरी उड़ान

उल्लेखनीय है कि हिंडन एयरपोर्ट से शनिवार (22 मार्च) को चेन्नई के लिए एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान सेवा शुरू हुई। पहले दिन 177 यात्री



सवार हुए। जबकि चेन्नई से 172 यात्री हिंडन एयरपोर्ट पहुंचे।

आरपीएफ व जीआरपी ने टिकट काउंटर पर सुरक्षा बढ़ा दी है। वहीं टिकट कंफर्म कराने वाले दलालों पर निगरानी बढ़ा दी है। पता चला है कि 25 मई तक कई ट्रेनों में आरक्षित सीट नहीं मिल रही। जम्मू व कटरा जाने वाली ट्रेनों में सर्वाधिक वेटिंग चल रही है।

## 30 मार्च से शुरू हो रहे नवरात्र

अधिकारियो का कहना है ऑनलाइन और ऑफलाइन टिकटों की अधिक बुकिंग होने के कारण बहुत जल्दी सीटें फुल हो रही है। 30 मार्च से नवरात्र शुरू हो रहे हैं। ऐसे में शहर के लोग वैष्णो देवी मंदिर जाने की योजना बना रहे हैं लेकिन कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा है।

कविनगर के रहने वाले ओमप्रकाश ने बताया कि कई दिन से जम्मू जाने के लिए टिकट बुक कराने का प्रयास कर रहा हूं, लेकिन नहीं मिल रहा है। स्वराज एक्सप्रेस, मालदा एक्सप्रेस, शालीमार एक्सप्रेस, श्रीशक्ति एक्सप्रेस, जम्मू मेल, संपत क्रांति एक्सप्रेस और झेलम एक्सप्रेस में कंफर्म टिकट मिलना बेहद मुश्किल हो रहा है।

## पहाड़ों पर जाने वालों की बढ़ी संख्या, वेटिंग 200 पार

गर्मी के मौसम में पहाड़ों व नवरात्र पर वैष्णो देवी मंदिर जाने वालों की संख्या बढ़ने संग ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा। वेटिंग 200 के ऊपर पहुंच गई है। गाजियाबाद जंक्शन स्थित टिकट काउंटर पर टिकट रिजर्व कराने को लेकर मारामारी है। तत्काल में टिकट को रात्रि में ही लोग कतार में लग जाते हैं।

# ईद पर मेरठ रेंज में सुरक्षा के होंगे कड़े इंतजाम

## 4 जिलों में 1841 इदगाह-मस्जिदों में होगी नमाज 205 संवेदनशील स्थानों पर रहेगी विशेष नजर



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में मेरठ रेंज में ईद-उल-फितर को लेकर पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने सभी जिला पुलिस प्रमुखों को विशेष निर्देश जारी किए हैं। सड़कों पर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं होगी। डीआईजी ने बताया कि मेरठ रेंज के चारों जिलों में कुल 471 ईदगाह और 1370 मस्जिदों में नमाज का आयोजन होगा। मेरठ में 164 ईदगाह और 515 मस्जिद हैं। बुलंदशहर में 155 ईदगाह और 590 मस्जिद हैं। बागपत में 68 ईदगाह और 195 मस्जिद हैं।

हापुड़ में 84 ईदगाह और 70 मस्जिदें स्थित हैं। पुलिस ने 205 संवेदनशील स्थानों की पहचान कर ली है। इन क्षेत्रों में 23 जोन, 79 सेक्टर और 64 क्यूआरटी तैनात की गई हैं। पुलिस बल को सुरक्षा उपकरण दिए गए हैं। शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए धार्मिक नेताओं और शांति समिति के साथ 123 बैठकें की गई हैं।

## लाउडस्पीकर को लेकर भी होगी निगरानी

**करंट क्राइम।** रमजान के साथ नवरात्र भी शुरू हो रहे हैं। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी। दोनों त्योहारों के एक ही स्थान पर होने वाले कार्यक्रमों के लिए आयोजकों से पहले ही समन्वय किया जाएगा। लाउड स्पीकर के उपयोग को लेकर भी आयोजकों से चर्चा की जाएगी।

## एलआईयू रहे अलर्ट

**करंट क्राइम।** डीआईजी ने बताया कि अलविदा जुमा और ईद-उल-फितर की नमाज के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। एलआईयू को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। बाजारों में भी पुलिस लगातार गश्त करेगी।

## सोशल मीडिया पर रहेगी नजर



करंट क्राइम। नगर निगम, स्वास्थ्य और बिजली विभाग के साथ 113 बैठकें हुई हैं। आयोजकों के साथ 114 बैठकें की गई हैं। संवेदनशील और मिश्रित क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से निगरानी होगी। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह रविवार को जब गाजियाबाद आये तो वह कविनगर में पूर्व सांसद डॉ अनिल अग्रवाल के आवास पर पहुंचे। डॉ अनिल अग्रवाल ने राधा मोहन सिंह का स्वागत किया। पूर्व सांसद डॉ अनिल अग्रवाल ने इन पलों को फेसबुक पर भी साझा किया। पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।